Follow us on :

bharatbhaskar.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

● वर्ष : 15 ● अंक-236 ● रायपुर, सोमवार 25 सितम्बर 2023 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
भाद्रपद शुक्ल पक्ष
पक्ष- दशमी

**सुविचार**

कपड़ो में से सुगंध आये ना आये , किरदार में से खुशबू आना ज़्यादा ज़रूरी है।

-स्वदेश तिवारी



3

सांसद राहुल गांधी कल आवास न्याय सम्मेलन में होंगे शामिल



5

रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग निर्माण से क्षेत्र वासियों को मिलेगा लाभ -विधायक कमरों



7

बिना लक्ष्य के कुछ भी हासिल नहीं होता -कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा

मन की बात में बोले पीएम मोदी

## कर्तव्य निभाते हुए ही हम अपने लक्ष्यों को पा सकते हैं...पीएम

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' के 105वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के एक और एपिसोड में मुझे आप सभी के साथ देश की सफलता को, देशवासियों की सफलता को, उनकी प्रेरणादायक जिंदगी के सफर को आपसे साझा करने का अवसर मिला है। पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों सबसे ज्यादा पत्र और सन्देश, जो मुझे मिले हैं, वो दो विषयों पर बहुत अधिक है।पहला विषय है, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और दूसरा विषय है दिल्ली में ज-20 का सफल आयोजन। देश के हर हिस्से, समाज के हर वर्ग से, हर उम्र के लोगों के मुझे अनगिनत पत्र मिले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा पर उतरने वाला था, तब करोड़ों लोग अलग-अलग माध्यमों के जरिए एक साथ इस घटना के पल-पल के साक्षी बन रहे थे। इसरो के यूडब्यूबर लाईव चैनल पर 80 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घटना को देखा, जो अपने आप में ही एक रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि चंद्रयान-3 से करोड़ों भारतीयों का कितना गहरा लगाव है।मन की बात



के 105वें एपिसोड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने चंद्रयान की सफलता पर चल रहे क्विज कंपटीशन 'चंद्रयान-3 महाक्विज' का भी जिक्र किया उन्होंने बताया कि कंपटीशन में अब तक 15 लाख से ज्यादा लोग हिस्सा ले चुके हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से क्विज कंपटीशन में भाग लेने की भी अपील की। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलेब्रिटी की तरह हो गया है 7 लोग उसके साथ सेल्फी खिंचा रहे हैं और गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं। भारत ने जी 20 समिट में अफ्रीकन यूनियन को जी 20 में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है। जब भारत बहुत समृद्ध था, उस जमाने में हमारे देश में और दुनिया में सिल्क रूट की बहुत चर्चा होती थी। ये सिल्करूट व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था। अब आधुनिक जमाने में भारत ने एक और इकोनॉमिक कॉरिडोर जी-20 में सुझाया है। इसका नाम है- इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर। ये कॉरिडोर आने वाले सैकड़ों सालों तक विश्व व्यापार का आधार बनने जा रहा है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस कॉरिडोर का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ था। दिल्ली में एक और एक्साइटिंग प्रोग्राम होने जा रहा है- इस प्रोग्राम के जरिए देशभर के यूनिवर्सिटी के लाखों छात्र एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें आइआइटी, आइआइएम, एनआइटी और मेडिकल कॉलेज जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान भी भाग लेंगे। आज से दो दिन बाद 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस है। पर्यटन को कुछ लोग सिर्फ सैर-सपाटे के तौर पर देखते हैं, लेकिन पर्यटन का एक बहुत बड़ा पहलू रोजगार से जुड़ा है। कहते हैं, सबसे कम इन्वेस्टमेंट में सबसे ज्यादा रोजगार अगर कोई सेक्टर पैदा करता है तो वो टूरिज्म सेक्टर ही है। जी 20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया के लोगों का इंटरेस्ट भारत में और बढ़ गया है। जी 20 में एक लाख से ज्यादा प्रतिनिधि भारत आए और यहां की विविधता, अलग-अलग परम्पराएं, भांति-भांति का खानपान और हमारी धरोहरों से परिचित हुए। यहां आने वाले प्रतिनिधि अपने साथ जो शानदार अनुभव लेकर गए हैं, उससे पर्यटन का और विस्तार होगा। भारत में विश्व धरोहर स्थलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले दिनों कर्नाटक के पवित्र होयसड़ा मंदिरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित किया गया। मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए समस्त देशवासियों को बधाई देता हूं। यूपी का संभल जिला जनभागीदारी की मिसाल है।

## छत्तीसगढ़ में ट्रेनें कैंसल हो रही हैं, सड़क मार्ग से जाएं तो बेहतर : भूपेश

आवास सम्मेलन में शामिल होने ट्रेन से बिलासपुर जा सकते हैं राहुल गांधी

- जिस ट्रेन से राहुल जाना चाह रहे वो कल भी 4 घंटे लेट थी - सीएम भूपेश
- रेल मंत्री को तभी भेजा जाता है जब कोई दुर्घटना होती है- भूपेश बघेल

रायपुर/ संवाददाता

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। राहुल बिलासपुर संभाग के तखतपुर में होने वाले आवास न्याय सम्मेलन में शामिल होंगे। वो रायपुर से बिलासपुर तक का सफर ट्रेन से तय कर सकते हैं । ट्रेन से बिलासपुर जाने के फैसले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें सड़क मार्ग से सफर करने की सलाह दी है। मुख्यमंत्री ने कहा - वो रायपुर तो आ रहे हैं, सड़क मार्ग से भी जा सकते हैं, ट्रेन से भी जा सकते हैं। लेकिन जिस तरह से छत्तीसगढ़ में ट्रेनें रद्द हो रही हैं, लेट हो रही हैं तो मैंने यही सजेस्ट किया है कि वो जाएं सड़क मार्ग से भले ही ट्रेन से आने का रिस्क लें। भूपेश बघेल ने कहा कि ट्रेनों का कोई



भरोसा नहीं है। जितनी ट्रेनें अभी रद्द हुई हैं उन्हें देखते हुए कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। जिस ट्रेन से वो जाने वाले हैं वो कल भी 4 घंटे लेट थी आज भी यही हाल है। आपको बता दें कि राहुल गांधी बिलासपुर इंटरसिटी से सफर कर सकते हैं। बोगी अभी तक तय नहीं हुई है। संभावना है कि राहुल गांधी सुबह 9 बजे माना एयरपोर्ट पहुंच जायेंगे। नेताओं से कुछ देर चर्चा के बाद सवा 11 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से बिलासपुर रवाना होंगे। शाम 5 बजे भी वो बिलासपुर से एलटीटी एक्सप्रेस से रायपुर पहुंचेंगे और रात सवा आठ बजे फ्लाइट से दिल्ली लौट जाएंगे। अभी ये तय नहीं है कि राहुल ट्रेन की जनरल, स्लीपर या एसी बोगी में सफर करेंगे। उनके साथ सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम सिंहदेव, स्पीकर चरण दास महंत, पीसीसी चीफदीपक बैज भी होंगे। राहुल गांधी स्क्ष्त्रत्र मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम स्थल, पंडाल, पार्किंग व्यवस्था समेत ट्रैफिक व्यवस्था और वैकल्पिक रास्तों का रोडमैप तैयार कर लिया गया है। ढ्ढत्र अजय यादव, कलेक्टर संजीव झा और स्क्क संतोष सिंह ने सभा स्थल का निरीक्षण भी किया है। राहुल गांधी के हाथों तखतपुर को कई विकास कार्यों की सौगात भी ?मिलेगी। वो 524 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत के 185 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इनमें 420 करोड़ 28 लाख रुपए के 82 कार्यों का लोकार्पण, 104 करोड़ 5 लाख रुपए के 103 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। पीएम मोदी के वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखने पर सीएम भूपेश बघेल ने तंज कसा। सीएम बघेल ने कहा रेल मंत्री के पास कोई काम नहीं है उन्हें सिर्फ तभी भेजा जाता है जब कोई दुर्घटना होती है। पीएम जिन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने आ रहे हैं यात्री उन ट्रेनों का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। जो यात्री ट्रेन हैं जिसमें पैसेंजर सफर करते हैं, वो लगातार बंद हो रहे हैं। इसपर प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन भी किया। उसके बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

### राहुल का दावा- एमपी-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत पक्की :राजस्थान में करीबी मुकाबला

राहुल गांधी ने दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में एक मीडिया हाउस इवेंट में मौजूद थे, वहीं उन्होंने ये बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है।

## महिलाओं के समग्र विकास का प्रयास व योजनाएं अनुकरणीय-प्रियंका गांधी

हमर छत्तीसगढ़ की इस्पात नगरी भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस की दबंग नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हुईं





और शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के समग्र विकास के अनेक प्रयास एवं संचालित योजनाएं बेहद अनुकरणीय हैं।प्रियंका गांधी ने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाए उत्पादों को देखा व उनकी सराहना की।प्रियंका गांधी ने महिलाओं के संग सुआ नृत्य में भी शामिल रहीं और उनका उत्साहवर्धन भी किया।कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजार क्लिनिक और सुपोषण अभियान की सराहना की।उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाए उत्पादों की बिक्री करने सी-मार्ट योजना को आत्मनिर्भरता बनाने की ठोस योजना बताकर तारीफ की।

### बीजापुर के इटपाल में गारमेंट फैक्ट्री का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

हमर छत्तीसगढ़ में बस्तर के बीहड़ क्षेत्र में आदिवासियों का जीवन कृषि व वनों पर आश्रित रहता है इसलिए शासन-प्रशासन ने आदिवासियों की स्थिर आजीविका एवं महिला सशक्तिकरण के लिए




व्यावसायिक मॉडल के रूप में गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना करने की दिशा में कदम बढाया गया।इसका उद्देश्य कम लागत में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए गारमेंट फैक्ट्री इटपाल में लगाई गई ताकि ज़्यादा हितग्राहियों को रोज़गार दिया जा सके।गारमेंट फैक्ट्री की स्थापना के लिए देश की बडी नामी कम्पनियों से चर्छा की गई और कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बिजापुर का अवलोकन किया और गारमेंट फैक्ट्री के लिए सहमति बनी।गारमेंट फैक्ट्री 6 करोड़ 30 लाख 27 हज़ार की लागत से गारमेंट फैक्ट्री स्थापित की गई।गौरतलब है कि गारमेंट फैक्ट्री में काम करने के लिए 800 महिलाओं की काउंसिलिंग कर 200 हितग्राहियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया।बिजापुर की तेज़तर्रार रिपोर्टर पुष्पा रोकड़े ने हमर छत्तीसगढ़ से गारमेंट फैक्ट्री के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताई कि जून 2023 में डिक्सी कम्पनी के साथ 5 वर्षों का अनुबंध कर 70 महिलाओं के साथ लाइवलीहुड कॉलेज में बनियान का उत्पाद प्रारम्भ किया गया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गारमेंट फैक्ट्री में तैयार उत्पाद की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


### छत्तीसगढ़ के 6 सौ गांव नक्सलवाद से मुक्त -भूपेश बघेल



हमर छत्तीसगढ़ राज्य में 6 सौ गांव अब नक्सल प्रभाव से पूरी तरह मुक्त हैं।उक्ताशय की टिप्पणी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करते हुए बताया कि नक्सलवाद से मुक्ति के बाद आम॥ लोगों को बेहतर







सुविधाएं मिल रही हैं,जिससे उनके जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य,आंगनबाड़ी सहित विकास की सुविधाएं अच्छे तरीके से मिल रहीं हैं।भूपेश बघेल ने कहा कि उनकी सरकार आदिवासियों व आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को समृद्ध बनाने का कार्य कर रही है।छत्तीसगढ़ में किसानों का क़र्ज़ माफ किया है।छत्तीसगढ़ के लोगों की उन्नति व समृद्धि के लिए कार्य किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मॉडल का ज़िक्र करते हुए कहा कि इसी मॉडल के अन्तर्गत राज्य में 750 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी-हिंदी माध्यम के स्कूल खोले गए हैं।इन स्कूलों के माध्यम से उन परिवारों को राहत मिली है और बच्चे अंग्रेज़ी माध्यम से पढ़ कर आगे बढ़ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में शराबबंदी के लिए एक भी आवेदन नहीं-लखमा

हमर छत्तीसगढ़ में 卐शराबबंदी卐 की समस्या फिर से राजनीतिक उबाल ले सकती है क्योंकि कांग्रेस ने अपने



घोषणापत्र में शराबबंदी का चुनावी वायदा किया था।शराबबंदी के लिए शासकीय स्तर पर एक हाईपावर कमेटी भी बनी थी लेकिन कमेटी भी किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंची है।इधर, आबकारी मंत्री कवासी लखमा का बयान पेंचदार दिखाई पड़ रहा है।राजनीति के जानकारों का कहना है कि लखमा ने ऐसी गुगली बॉल फेंकी है जो बल्ले(भाजपा) से खेली भी जा सकती है लेकिन उस पर ना रन बन सकता है,ना ही उस पर कोई आउट हो सकता है। गौरतलब है कि कवासी लखमा का कहना है कि शराबबंदी के लिए एक भी आवेदन नहीं मिला है।लखमा जी का यह भी कहना है कि अगर छत्तीसगढ़ राज्य में शराबंदी होती है तो बड़े लोग दूसरे प्रदेशों से शराब ले आएंगे मगर जेल जाएगा गरीब आदमी।आबकारी मंत्री का इस आशय का बयान भाजपा की बल्ले-बल्ले करता दिखता है या कांग्रेस के लिए हितकारी या हानिकारक बनता है यह आने वाला समय यानी चुनाव बताएगा ?

### छत्तीसगढ़ की संगीता राजगोपालन का साऊथ कोरिया में ब्रॉन्ज मैडल पर कब्ज़ा



हमर छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी संगीता राजगोपालन ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य(ब्रॉन्ज) मैडल जीतकर छत्तीसगढ़ ही नहीं देश का नाम रौशन किया है।गौरतलब है कि साउथ कोरिया में जिओनजु में आयोजित 13 वीं वर्ल्ड बैडमिंटन चेम्पियनशिप में उन्होंने इंग्लैंड की खिलाड़ी को हराया था।सेमीफाइनल में संगीता जापान की कुशियामा से पराजित हो गईं लेकिन भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया।छत्तीसगढ़ के बैडमिंटन खिलाड़ियों में संगीता की जीत से हर्ष व्याप्त है।

### शालू जिंदल इंटरनेशनल वुमन अवार्ड से सम्मानित



जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड की चेयरपर्सन शालू जिंदल को शिकागो में इंटरनेशनल वुमेन ऑफद ईयर अवार्ड से सम्मानित किया है।शालू जिंदल को यह अवार्ड भारतीय दूतावास के सहयोग से द ट्राइब्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला इंडियन अमेरिकन ट्रेड फेयर卐 में प्रदान किया गया।गौरतलब है कि शालू जिंदल को छत्तीसगढ़,ओडिसा व झारखंड सहित देश भर के एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है।भारतीय दूतावास के महावाणिज्य दूत सोमनाथ घोष समारोह में मुख्य अतिथि रहे।उक्त सम्मान प्राप्त करने के बाद शालू जिंदल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पाकर स्वयं को गर्वान्वित महसूस कर रही हूं।

**छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से प्रकाशित दैनिक भारत भास्कर के प्रधान संपादक संदीप तिवारीराज बहुआयामी व्यक्तित्व के पत्रकार,सिंगर एवं शायर-कवित्व के संगम हैं।संदीप जी फरमाते हैं,,//जो घर बनाओ तो आंगन में एक पेड़ भी लगा लेना,परिंदे सारे मोहल्ले में चहचहाएंगे//**



# मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटी खाने के फायदे

**मल्टीग्रेन आटे का अर्थ है मिला जुला आटा या कई तरह के अनाज का मिक्स आटा। इस में गेहूं के साथ ही ज्वार, बाजरा, जौ, काला चना, रागी, जई, मक्का, क्विनोआ, सूजी, चावल, सिंघाड़े, राजगिरा आदि के आटे को मिलाकर आटा तैयार किया जाता है। इस आटे में विटामिन, प्रोटीन, डाइटरी फाइबर, कार्ब्स, आयरन, कैल्शियम, खनिज आदि कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। मल्टीग्रेन आटा ज्यादातर ग्लूटेन फ्री होता है।**

### वजन होता है कम

इसके लिए आपको गेहूं के आटे में जई, मक्का, ज्वार और चना मिलाकर उसकी रोटी बनाकर खाना चाहिए। इसमें फाइबर अधिक होने से यह पाचन के लिए ठीक रहेगा और साथ ही यह वेट लॉस करेगा।

### सभी पोषक तत्वों की कमी होती है पूरी

यह कई सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ शरीर को संपूर्ण पोषण प्रदान करता है।

### विटामिन की कमी को करता है दूर

इसमें कई तरह के विटामिन होते हैं जिसके चलते शरीर में विटामिन की कभी कमी नहीं होती है।

### पाचन तंत्र को सुधारता

यह फाइबर से भरा होता है जो अच्छे आंत बैक्टीरिया का पोषण करता है, जिसके चलते पाचन तंत्र में सुधार होता है और मेटाबॉलिज्म में भी सुधार करता है।

### शारीरिक दर्द और सूजन को कम करता है बाजरा

बाजरा में सूजन-रोधी गुण होते हैं। मल्टीग्रेन आटा में बाजरे का आटा मिला होने से यह जोड़ों के दर्द और सूजन में लाभदायक है।

### मांसपेशियां होती है मजबूत

इससे मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इस आटे में सोयाबीन, चना और जौ भी मिलाया जाए तो यह प्रोटीन का अच्छा सोर्स बन जाता है। बच्चों के शरीरिक विकास के लिए यह मददगार साबित हो सकता है।



# सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी है हल्दी पानी

**हल्दी का उपयोग हर किसी के घर में किया जाता है। हल्दी में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं। हल्दी का प्रयोग लगभग सभी प्रकार के खाने में किया जाता है। यह व्यंजनों के स्वाद में तो इजाफा करती ही है साथ ही इसमें अनेक औषधीय गुण भी होते हैं। यह गर्म और रूखी होती है। त्वचा, पेट और शरीर की कई बीमारियों में हल्दी का प्रयोग किया जाता है। हल्दी का सेवन पानी के साथ किया जाए, तो फायदे बढ़ जाते हैं। हल्दी का पानी सेहत और त्वचा दोनों के लिए लाभकारी होता है। जिन लोगों को बार-बार सर्दी-जुकाम और संक्रमण हो जाता है उन्हें अपनी डाइट में हल्दी के पानी को जरूर शामिल करना चाहिए।**

गुणकारी हल्दी के अलग-अलग लाभ उठाने के लिए आपको किसी वैद्य या विशेषज्ञ की शरण में जाने की जरूरत नहीं है। अपने घर पर ही छोटे-छोटे प्रयोग कर इसके अलग-अलग लाभ उठाए जा सकते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि लोग उठते ही गर्म पानी या फिर निम्बू पानी का सेवन करते हैं जिससे कि उनका पेट साफ़ हो और खुल कर शरीर की गंदगी बाहर निकल जाए यह शरीर के लिए फायदेमंद है, यदि इसमें थोड़ी सी हल्दी मिक्स कर दी जाए तो इसके गुणों में भारी इजाफा हो जाता है।

### शरीर को शक्तिशाली बनाना

लगभग 500 ग्राम की मात्रा में हल्दी की गांठे और एक किलो बुझा हुआ चूना लेकर इसको एक मिट्टी के बर्तन में डालकर इसमें ऊपर से 2 लीटर पानी डालें। पानी डालते ही चूना पकने लगता है और जब यह ठण्डा हो जाए तो बर्तन को ढककर रख दें। इसके बाद 2 महीने बाद हल्दी की गांठों को निकालकर पीसकर चूर्ण बना लें। हल्दी की गांठों के चूर्ण को 3 ग्राम की मात्रा में लेकर 10 ग्राम शहद के साथ मिलाकर लगातार 4 महीने तक रोजाना खाने से शरीर का खून साफ हो जाता है और इससे शरीर में भरपूर ताकत आती है।

### वजन कम होता है

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो ऐसे में अपनी डाइट में हल्दी का पानी शामिल कर सकते हैं। हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है। फैट बढ़ाने वाले टिशूज को बनने से रोकने के लिए हल्दी का पानी पीना फायदेमंद होता है।

### आंखों के रोग

हल्दी को अरहर की दाल में पकायें और छाया में सुखा लें उसे पानी में घिसकर, शाम होने से पहले ही दिन में दो बार जरूर लगायें इससे झामर रोग, सफेद फूली और आंखों की लालिमा में लाभ होता है।

### नहीं होंगी त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं

हल्दी का पानी खून साफ करता है। साथ ही इस पानी को पीने से शरीर में विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इससे एजिंग साइन्स जैसे झुर्रियां या मुरझाई त्वचा की समस्या दूर होगी। त्वचा की सूजन कम करने में हल्दी फायदेमंद मानी जाती है। इसका इस्तेमाल करने से त्वचा में निखार बढ़ता है।

### पेट से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी

हल्दी के पानी का सेवन करेंगे, तो पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे डायरिया, अपच, कब्ज, पेट में दर्द, पेट में ऐंठन आदि समस्याएं दूर होंगी। हल्दी का पानी पीने से शरीर में पित्त ठीक से बनता है और पाचन तंत्र मजबूत बनता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण भी होते हैं। हल्दी के पानी का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। हल्दी में मौजूद लिपो पॉलिसैकेराइड की मदद से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले सेल्स बढ़ते हैं। एक गिलास गुनगुने पानी में एक नीम्बू निचोड़कर उसमें एक चुटकी हल्दी मिला लें और इसे सुबह खाली पेट पीएं। ऐसा करने से पेट में गैस बनने की समस्या दूर होती है और एसिडिटी, बदहजमी, फूड पॉइजनिंग, कब्ज आदि बीमारी से भी छुटकारा मिलता है जिससे सुबह पेट पानी की तरह साफ़ होगा।

### हार्ट की बीमारियों से होगा बचाव

हल्दी का पानी शरीर से कोलेस्ट्रॉल का स्तर को नियंत्रण रखने में मदद करता है। हल्दी का पानी पीने से खून के थक्के बनने से रोकने में मदद मिलेगी। इससे आपको हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा नहीं होगा।

### कम होती है सूजन

शरीर में सूजन कितनी भी क्यों न हो हल्दी सूजन को कम करने में सहायक है इसमें करक्यूमिन नामक एक रसायन पाया जाता है जो दवा के रूप में काम करता है इसीलिए आपने देखा होगा किसी को भी चोट लग जाती है तो हमारे बुजुर्ग हल्दी दूध में डालकर पिलाते थे।

### ब्लाकेज से बचाती है हल्दी

जिन लोगो की खून की धमनियों में ब्लाकेज की शिकायत है उनको तो अवश्य ही हल्दी वाला पानी सेवन करना लाभदायक है क्योंकि हल्दी खून को जमने से रोकती है अदरक भी खून को पतला रखती है और ब्लाकेज से बचाती है।

### हड्डी के टूटने पर

हड्डी के टूटने पर रोज हल्दी का सेवन करने से लाभ मिलता है। एक प्याज को पीसकर एक चम्मच हल्दी मिलाकर कपड़े में बांध लें। इसे तिल के तेल में रखकर गर्म करें और इससे फिर सेंक करें। कुछ देर सेंकने के बाद पोटली खोलकर दर्द वाले स्थान पर बांध दें।

### नहीं पनपने देती बैक्टीरिया

यदि किसी कारण से शरीर के बाहरी या अंदरूनी हिस्से में चोट लग जाए-तो हल्दी वाला दूध उसे जल्द से जल्द ठीक करने में बेहद लाभदायक है क्योंकि यह अपने एंटी बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों के कारण बैक्टीरिया को पनपने नहीं देता है।

### त्वचा के रोग

हल्दी को पीसकर तिल के तेल में मिलाकर मालिश करें इससे चर्म रोग खत्म हो जाएगा। या अगर शरीर में खुश्की (चमड़ी सूख) गई हो तो सरसों के तेल में हल्दी को मिलाकर शरीर पर उसकी मालिश करने से लाभ होता है।

### मसूढ़ों का रोग

हल्दी को मोटा-मोटा कूटकर आग पर भून लें। इसे बारीक पीसकर कपड़े से छानकर प्रतिदिन सुबह-शाम मसूढ़ों पर मलें। इससे मसूढ़ों के रोग ठीक हो जाते हैं।

### बवासीर (अर्श)

हल्दी और कसी हुई लौकी का चूर्ण पानी के साथ पीसकर या सरसों के तेल में पका लें। उस तेल को मदार के पत्ते में लगाकर बवासीर के मस्सों पर लगायें और लंगोट कसें। इससे मस्से सूखकर गिर जाते हैं।

### श्वास, दमा रोग

हल्दी को पीसकर इसका चूर्ण बना लें और इस चूर्ण को तवे पर भूनकर शीशी में बंद करके रखें। इस चूर्ण को 5 ग्राम की मात्रा में हल्के गर्म जल के साथ प्रतिदिन सेवन करने से अस्थमा (दमा) के रोगी को बहुत लाभ मिलता है।

# क्या आपका भी मिट्टी खाने का मन करता है इस बीमारी के हो सकते हैं लक्षण

अक्सर आपने बच्चों एवं महिलाओं को बत्ती, चौक या मिट्टी खाते हुए देखा होगा। कई लोगों को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। साथ ही कई लोग इस आदत से परेशान भी होते हैं क्योंकि मिट्टी या चुना आपकी सेहत के लिए हानिकारक होता है। यह एक तरह की बीमारी होती है जिसे जियोफेजिया के नाम से जाना जाता है। वैसे मामूली स्थिति में मिट्टी खाने की क्रेविंग कैल्शियम की कमी के कारण होती है लेकिन इसके साथ यह एक बीमारी का भी लक्षण है। जानते हैं इस बीमारी के बारे में...

### क्या है पाइका


दरअसल मिट्टी खाने का सीधा संबंध पाइका नाम की बीमारी से है। इस बीमारी में इंसान मिट्टी खाने से खुद को रोक नहीं पाता है। ऐसी स्थिति ज्यादातर प्रेग्नेंट महिलाओं में देखि जाती है। इस बीमारी में मिट्टी खाने की लत किसी चीज़ के नशे के सामान होती है। एक्सपर्ट के अनुसार पाइका एक ऐसी बीमारी होती है जिसमें व्यक्ति को उन पदार्थों को खाने की इक्छा होती है जो खाने लायक नहीं है। इस बीमारी का नाम एक पक्षी के नाम पर रखा गया है। पाइका एक ऐसे पक्षी का नाम है जो कुछ भी खा लेते हैं इसलिए इस बीमारी को पाइका कहा जाता है।

### इनकी कमी से होती है मिट्टी खाने की क्रेविंग

इसके साथ ही कई बार मिट्टी खाने का संबंध कैल्शियम की कमी से किया जाता है लेकिन यह एकमात्र ऐसा कारण नहीं है। आयरन की कमी के कारण भी मिट्टी या मिट्टी जैसे पदार्थों को खाने की इच्छा करती है। इस बीमारी में महिलाओं को मिट्टी खाने की बहुत क्रेविंग होती है। ऐसे में जब आप बार बार मिट्टी खाते हैं तो आपके पेट में बहुत सी समस्याएं हो सकती हैं।

### किडनी स्टोन की हो सकती हैं समस्या

बार बार मिट्टी खाने से आंतों में रुकावट होती है। साथ ही आपके लीवर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि मिट्टी खाने वाले बच्चों और बड़ों के शरीर में सूजन की परेशानी होने लगती है। मिट्टी खाने की वजह से आपका डाइजेशन भी खराब होता है जिससे खाना ठीक से पच नहीं पाता है। नीमिया की समस्या भी हो सकती है जैसा कि बताया कि आयरन की कमी के कारण भी आपको मिट्टी खाने की समस्या होती है। मिट्टी खाने से इंसान एनीमिया का भी शिकार हो जाता है क्योंकि शरीर में हीमोग्लोबिन हो जाता है। हीमोग्लोबिन कम होने से खून में ऑक्सीजन नहीं जा पाता इस वजह से एनीमिया हो जाता है।



# शरीर के लिए लाभप्रद है खट्टी-मीठी कीवी

**फलों और सब्जियों के सेवन से स्वास्थ्य को जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की पूर्ति होती है। ऐसा ही एक स्वादिष्ट फल हैं कीवी जिसे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। कीवी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, फॉस्फरोरस, कॉपर, जिंक, नियासिन, पोटैशियम, राइबोफ्लेविन, बीटा कैरोटीन आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से कई गंभीर बीमारियों से रिकवरी करने में बहुत फायदा मिलता है।**

### गर्भवती महिलाओं के लिए फायदेमंद

गर्भवती महिलाओं के लिए कीवी बहुत फायदेमंद फल है। कीवी में फोलेट की पर्याप्त मात्रा होती है, जो गर्भ में पल रहे शिशु के दिमागी विकास के लिए बहुत फायदेमंद मानी जाती है। गर्भावस्था के दौरान कीवी खाने से बच्चों में न्यूरल डिफेक्ट का खतरा कम होता है। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के बाद भी कीवी का सेवन जरूर करना चाहिए। ऐसा करने से उनमें डिलीवरी के बाद कमजोरी और खून की कमी दूर करने में मदद मिलती है।



### डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज के मरीजों के लिए कीवी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। कीवी में मौजूद गुण डायबिटीज के मरीजों में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में फायदेमंद माने जाते हैं। डायबिटीज के मरीज डॉक्टर की सलाह लेकर रोजाना कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे उनका पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है।

### ब्लड क्लॉटिंग को रोके

कीवी के सेवन से शरीर में खून का थक्का जमने की दिक्कत भी नहीं होती है। इसमें एंटीथ्रोम्बोटिक यानी खून का थक्का न जमने देने का गुण मौजूद होता है, जिसकी वजह से स्ट्रोक, किडनी और हार्ट अटैक संबंधी दिक्कत का खतरा भी कम रहता है।

### हड्डियों का रखता है ख्याल

कीवी में विटामिन के भी मौजूद होता है, जो ओस्टियोट्रोपिक एक्टिविटी या नए बोन सेल्स के डेवलपमेंट में योगदान कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन ई, मैग्नीशियम और फोलेट सभी तत्व स्वास्थ्य को कई लाभ प्रदान करते हैं।

### इम्युनिटी बढ़ाने के लिए कारगर

कीवी फल का सेवन करना आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में काफी सहायक हो सकता है, इसका प्रमुख कारण इसमें मौजूद विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा होती है। कीवी में विटामिन-सी के साथ, एंटी-ऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं जो इम्युनिटी बढ़ाने के साथ कई प्रकार के रोगों से सुरक्षित रखने में आपके लिए सहायक हैं। कीवी फ्रूट का नियमित सेवन अस्थमा के लक्षणों को भी कम करता है।

### कब्ज को दूर करे

कीवी फल, कब्ज को दूर करने में काफी मदद करता है। इसके सेवन से पुरानी से पुरानी कब्ज भी ठीक होने लगती है। यह गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, अपच जैसी पेट की दिक्कतों को भी ये दूर करता है। अगर आप भी लगातार कब्ज की बीमारी से परेशान हैं तो कीवी का फल आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। यह पेट साफ करने में भी मददगार है।

### हाई बीपी रहता है कंट्रोल में

कीवी में पोटेशियम और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से हृदय स्वस्थ रहता है। साथ ही उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, फाइबर बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। एक शोध में उच्च रक्तचाप के मरीजों को एक हफ्ते में 8 किवी खाने की सलाह दी गई है। इसके लिए रोजाना कीवी का सेवन जरूर करें।

### बालों के लिए अच्छा

कीवी में पाए जाने वाले पोषक तत्व विटामिन ष्ट और श्व बालों के झड़ने को कम करने में आपकी काफी हेल्प कर सकते हैं। इसके अलावा, इसमें फास्फोरस, मैग्नीशियम और जिंक भी मौजूद होता है, जो ब्लड सर्कुलेशन में हेल्प करता है और बालों की ग्रोथ बढ़ाता है। कीवी के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। ये भी बालों को मॉइस्चराइज रखने में हेल्प कर सकता है।



## सार-समाचार

### महिलाओ ने खेला डांडिया गणेसोत्सव मनी भक्ति भाव से





**नन्दू यादव/ सुरजपुर भारत भास्कर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तृतीय वर्ष में गणेश जी का पूजा सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के द्वारा बिश्रामपुर नगर पंचायत छेत्र के वार्ड क्रमांक दस मुहल्ला पार्क में विधि विधान से गणेश प्रतिमा स्थापित किया गया एवम सुबह शाम आरती पूजन भजन कार्य्रकम नगर के पंडित आदित्य मिश्रा जी के द्वारा कराई गई वहीं वार्ड की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर गणेशोत्सव में भाग लिया शमिति द्वारा डांडिया खेलने का कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें महिलाओं ने 50 ,60 की संख्या में उपस्थिति होकर डांडिया खेला देर रात तक महिलाएं बच्चे बच्चीयों युवको, ने साथ बड़े उत्साह के साथ डांस किया वही शमिति के द्वारा दूसरे दिन सन्तोष गुप्ता के आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में भक्ति भजन की सुमधुर गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई जिसमें दर्शको को नाचने झूमने पर विवश कर दिया पूरा वतावरण भक्ति भावमय हो गया गणेशपूजा शमिति के द्वारा प्रतिदिन सन्ध्या में महाभण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सेकड़ो महिला पुरुषो ने महाप्रसाद ग्रहण किया गणेशोत्सव में वार्ड के युवकों ने भव्य गनेसोसत्व का आयोजन में सहयोग कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया वही सार्वजनिक गणेश पूजा सीमति की सरक्षक ज्योति सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सफ्ल रहा वही शमिति के अध्यक्ष मयंक सिंह

, रितिक पात्रों पियाश कुमार,अमृतपाल सिंह,हर शिविर सिंह,माइनलीट सिंह,आशुतोष शर्मा,चेतन शर्मा,जीत सिंह,कृष्ण शर्मा,जसवीरसिंह,शिवम मोहत्र

तस्मीत सिंह,रितार दास, अमान पासवान ,रोशन पाठक,विशाल शर्मा,कुमार , पृथ्वी सिंह,शिवम सिंह,काफी तो शामिल हुए पूजा याचना की

### वन विभाग की निषि यता के चलते जंगल में लगातार हो रही है पेड़ों की कटाई

**राजीव कुमार वर्मा**



**एमसीबी-चिरमिरी--भारत भास्कर**---खड़गवां वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इन दिनो बेखौफ सागौन के पेड़ काटे जा रहे हैं मामला खडगवां वन परिक्षेत्र के नर्सरी का है जहां इन दिनों सागौन की इमारती लकड़ियों की अवैध कटाई जोरों पर है।

यह कटाई वन परिक्षेत्र खड़गवां से महज सात सौ से आठ सौ मीटर की दूरी पर की जा रही है लेकिन प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। बता दे कि जहां एक सागौन के वृक्ष को तैयार होने में कई वर्ष लग जाते हैं वहीं अवैध कटाई करने वाले इस पल भर में काटकर पर्यावरण एवं शासन दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस बात की सूचना जब मीडिया कर्मी द्वारा वन पर क्षेत्र अधिकारी को दी गई तब कहीं जाकर वन अमला अपनी नींद से जागा और कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए मौके पर पहुंचा। परंतु सवाल यह है कि प्रशासन द्वारा जब इन्हें वनों की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया जाता है तो आखिर इन्हें मीडिया कर्मी की सूचना की जरूरत ही क्यों ? क्या वनरक्षक द्वारा सिर्फ वेतन लेकर घर पर ही अपनी ड्यूटी की जाती है ? या मिली भगत कर इनको छूट दी जाती है? यह सभी विषय जांच का है । फ्लिहाल देखना यह है कि किस प्रकार प्रशासन और वन विभाग द्वारा इस समस्या का निपटान किया जाता है ।

### छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सुनवाई 26 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 26 सितम्बर को सवेरे 11 बजे से जिले से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई जल संसाधन परिसर के प्रार्थना सभाकक्ष में करेंगी।

524.33 करोड़ के 185 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

# सांसद राहुल गांधी कल आवास न्याय सम्मेलन में होंगे शामिल

### कलेक्टर-एसपी ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

बिलासपुर:- 23 सितम्बर 2023 को लोकसभा सांसद राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा (सकरी) में 25 सितम्बर को राज्य स्तरीय आवास न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राहुल गांधी इस अवसर पर 524 करोड़ 33 लाख रूपये की लागत के 185 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। इनमें 420 करोड़ 28 लाख रूपये के 82 कार्यों का लोकार्पण एवं 104 करोड़ 5 लाख रूपये के 103 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। श्री गांधी राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री, चेक एवं वन अधिकार पट्टा वितरित करेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे करेंगे।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, बस्तर सांसद दीपक बैज, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री शिवकुमार डहरिया, मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री गुरू रूद्रकुमार, मंत्री उमेश पटेल, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री मोहन मरकाम, बिलासपुर सांसद अरूण साव, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, कोटा विधायक श्रीमती रेणु जोगी, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान शामिल होंगे।

**आईजी, कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा** - राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की परसदा सकरी के एसडीआरएफ मैदान में विशाल आमसभा होगी। जिला प्रशासन द्वारा मैदान में पंडाल, स्टॉल, पार्किंग आदि की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। आईजी अजय यादव, कलेक्टर संजीव झा एवं एसपी संतोष सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

# भक्त वत्सल कृपानिधान करुणा के अनंत सागर है परमात्मा - पं.अभिषेक महाराज

### समस्त ग्राम के सुख समृद्धि हितार्थ हेतु श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बिलासपुर:**- ग्राम जाली बेलतरा मे सर्व कल्याण के उद्देश्य से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान संचार यज्ञ के चतुर्थ एवं पंचम दिवस के कथा आख्यान वाचन करते हुए व्यास गद्दी से पंडित अभिषेक अरुण महाराज बाम्हू वाले ने बतलाया कि परमात्मा विनत भाव को स्वीकार करते है सहजता को स्वीकार करते है बैकुंठ पति हमारे कल्याण के लिए ही इस भू-धरा पर विभिन्न अवतार धारण करते है वे ही श्री राम अवतार में आकर मर्यादा पुरुषोत्तम कहते है और श्री कृष्ण रूप में लीला पुरुषोत्तम कहते है श्रीरामकृष्ण मे निमेष मात्र भी अंतर नही समझना चाहिए दोनों ही धर्मान मूर्ति है जिनके नाम स्मरण करने से हमारा जन्म जन्मांतर के पाप पुंज नष्ट होते है और मनुष्य तन की सद्गति होती है भगवान नरसिंह नाथ जी भक्त वत्सल कहलाते है प्रह्लाद की रक्षा हेतु प्रभु खम्भे से ही प्रकट हो जाते है भगवान यत्र तत्र अन्यत्र नही अपितु सर्वत्र विधमान है हमे जानने मे देरी है

जन पालक जन पोषक परमात्मा अति ही सुंदर और सहज है हमे उन्हें ही प्राप्त करने की चेष्टा करना चाहिए। परीक्षित के रूप में श्रीमती रुक्मणी बलराम कैवर्थ हैं।

इस पावन यज्ञ में परायण कर्ता टेकर वाले पंडित मुकुंद महाराज जी है एवं यजमान के स्थान पर शोभा बढ़ाते हुए श्रीमति रूखमणी बलराम कैवर्त समस्त ग्रामवासी के ओर से अगुवाई कर रहे है



कथा श्रवण करने को लक्ष्मीनारायण श्रीवास रामलाल श्रीवास रामकिशुन श्रीवास आदि श्रोता जन आनंद ले कर कथा रसपान कर रहे है।

### हेल्थ मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर में किया गया



**नन्दू यादव / सूरजपुर भारत भास्कर** जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आ 'एस सिंह सर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गनपत नायक हृष्ठ जिला नोडल अधिकारी डॉ दीपक जायसवाल खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डी .के. विश्वकर्मा सर के मार्गदर्शन में आयुष्मान भव: के अंतर्गत दिनांक 23/09/23 को हेल्थ मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुज नगर में किया गया जिसमें लोगों को जांच एवं दवाइयां मुफ्त में दी गई एवं लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में खंड कार्यक्रम प्रबंधन श्री संदीप नामदेव हृष्ठ ब्लॉक नोडल राजेश द्विवेदी डॉक्टर सीमा त्रिपाठी डॉक्टर आर एस सिंह अफ्सर अली श्रीमती आंचल जायसवाल शिवेंद्र पांडे अखिलेश ठाकुर जी का विशेष योगदान रहा

# एमसीएमसी समिति के सदस्यों की बैठक पत्रकारों की उपस्थिति में हुई संपन्न

### समिति के सदस्यों व पत्रकारों को एमसीएमसी की चुनावी भूमिका व कार्य से कराया गया अवगत

### एमसीएमसी समिति के सदस्यों की बैठक पत्रकारों की उपस्थिति में हुई संपन्न।

### समिति के सदस्यों व पत्रकारों को एमसीएमसी की चुनावी भूमिका व कार्य से कराया गया अवगत।

**नन्दू यादव**

सूरजपुर भारत भास्कर-- जिले के पत्रकारों एवं निगरानी के संबंध में आज जिला निर्वाचन अधिकारी व जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक रखी गई थी जिसमें जिला स्तरीय पत्रकारों एवं निगरानी समिति के सदस्यों को विस्तार पूर्वक चर्चा कर समिति के कार्यों से अवगत कराया गया।



आगामी विधानसभा निर्वाचन - 2023 के तहत प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित विज्ञापनों एवं पेड न्यूज की निगरानी के लिए गठित एमसीएमसी समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भली भांति अध्ययन एवं उनका पालन सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी ने प्री-सर्टिफिकेशन ऑफ एडवर्टाइजमेंट पेड न्यूज, सोशल मीडिया एक्सपर्ट की भूमिका, राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, प्रमाणीकरण, क्या करें, क्या न करें, पूर्व प्रमाणीकरण में ध्यान देने योग्य बिन्दु, एमसीएमसी की शक्ति एवं अपील प्रक्रिया, प्रमाणीकरण के लिए आवेदन, प्रमाणीकरण के लिए समय सीमा, पेड न्यूज निर्धारण, आवेदन पत्रों का रजिस्टर, पेड न्यूज मामलों में की जाने वाली कार्यवाहियां, पेड न्यूज मॉनिटरिंग के लिए प्रक्रिया और त्वरित कार्यवाही, एसएमएस के संबंध में निर्देश, मीडिया प्रकोष्ट के कार्य, एमसीएमसी कमेटी के दायित्व, मीडिया मॉनिटरिंग, पेड न्यूज निगरानी, विज्ञापनों के प्रमाणन, विज्ञापनों के खर्च का आकलन आदि बिंदुओं पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। इसी सन्दर्भ में जिले के पत्रकारों को भी बैठक में बुलाया गया था। जिन्हें मुख्य रूप से पेड न्यूज़ व फेक न्यूज़ के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नियमावली से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्हें एमसीएमसी समिति के कार्य प्रणाली से भी अवगत कराया गया ताकि वो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी सक्रिय और निष्पक्ष भूमिका निभाकर, शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। बैठक में अपर कलेक्टर व एमसीएमसी की नोडल अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अनुविभागीय अधिकारी बीएसएनल चंद्रेश साहू, मयंक राजवाड़े, पत्रकार उपेन्द्र दुबे, नरेंद्र जैन, सुशील सिंह, राजेश सोनी, अजय चक्रधारी, मोहन प्रताप सिंह, नंदू यादव, मोहम्मद सुल्तान, सोनू चौधरी, सुरेंद्र साहू, मोबीन खान, कमलजीत सिंह, सीपी साहू सहित जिले के समस्त पत्रकार उपस्थित रहे।

पत्रकार घटनाओं का सही चित्रण रखती है समाज के सामने-कमल किशोर

# घटना से ही समाचार बनते हैं, पत्रकारिता को संवैधानिक मान्यता नहीं













### श्रमजीवियों का पत्रकार सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान जांजगीर मे

**बिलासपुर:**- हम पत्रकारों को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में संवैधानिक मान्यता नहीं है लेकिन सार्वभौमिक मान्यता है इसे देश और विश्व ने भी स्वीकार किया है। हम सबको गर्व है कि हम लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे है। हमारे संगठन में अध्यक्ष का पद मठाधीशी वाला नहीं है। इस संगठन में हर दो साल में अध्यक्ष व कार्यकारिणी का बदलाव होता है चाहे चुनाव के रूप में हो या निर्विरोध के रूप में हो। मैं पांचवें अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा हूं यह आगे भी इसी क्रम में चलेगा हम-लोगों के दिलों में राज करते है यही हमारे संघ की विशेषता है। उक्त बातें छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष आशिफइकबाइल ने कही। श्री इकबाल शनिवार को चाम्पा स्थित रंगमहल रिसार्ट में छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जांजगीर-चांपा इकाई द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ के जांजगीर-चांपा इकाई ने एक बड़ा कदम उठाया है और भव्य कार्यक्रम संपन्न कराया है आप सब बधाई के पात्र है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग.हाईकोर्ट बिलासपुर अधिवक्ता संघ के सचिव कमल किशोर पटेल रहे। उन्होंने मंच से इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है जो की समसामयिक घटनाओं का सही चित्रण समाज के लोगों के सामने रखकर अपनी दायित्व का निर्वहन करती है। प्रदेश भर में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में काम कर रहे पत्रकारों के समूह को यदि कानूनी सहायता की आवश्यकता पड़ती है तो मैं उनका केस नि:शुल्क लड़ूंगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि बी निजामी प्रदेश महासचिव कल्याण संघ, कृषि उपज मंडी नैला-जांजगीर के अध्यक्ष ब्यास कश्यप, युवा समाज सेवी अमर सुल्तानिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। मंच पर अन्य अतिथियों में गेंद लाल शुक्ला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कल्याण संघ, जिला पंचायत के सभापति श्रीमती कुसुम कमल साव, किसान कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष कमल साव, शशांक दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण संघ, राधेश्याम कोरी प्रदेश संगठन सचिव, अनिल आहूजा प्रदेश संगठन सचिव, प्रकाश थवाईत जिला महासचिव रायगढ़, विनोद श्रीवास्तव जिला सचिव बिलासपुर, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला मौजूद रहे। गरिमामय मंच में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर के नामचीन पत्रकारों का जमावड़ा लगा रहा और सभी वरिष्ठ व नययुवक पत्रकारों में इस समारोह को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला जांजगीर-चांपा के नये अध्यक्ष के रूप में आशीष दुबे को तथा महासचिव के रूप में युवा पत्रकार हरिश कुमार राठौर के नाम की घोषणा मंच से करते हुए उन्हे नियुक्ति पत्र प्रदान की गयी तथा उन्हें यह निर्देश दिया गया कि शीघ्र ही जिले के नये कार्यकारिणी का गठन करते हुए सूची अनुमोदन के लिए राज्य इकाई को प्रेषित करें। कार्यक्रम के अंत में संघ के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे व महासचिव हरीश राठौर द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डायमंड शुक्ला व आभार प्रदर्शन शशांक दुबे ने किया। इस दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण मौजूद रहे।

**इन प्रतिभाओं का मंच से हुआ सम्मान**- श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जांजगीर-चांपा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं पत्रकार सम्मेलन में अलग-अलग क्षेत्रों से विशिष्ट प्रतिभाओं राज्यपाल पुरस्कृत नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी, युवा साहित्यकार अनुभव तिवारी, 47 बार रक्तदान करने वाले संजय राठौर, हाकी प्रतियोगिता में चार बार इंटरनेशनल खेल चुकी बालिका कुमारी सोनाली यादव, केबीसी के हाट सीट में पहुंचकर जिले का नाम रोशन करने वाले युवा विवेक अग्रवाल, लगातार 37 सालों से नि:शुल्क शिक्षा दे रहे ग्राम कमरीद के रामकृष्ण वैष्णव, जिले में पिछले कई दशकों से उत्कृष्ट पत्रकारिता करते हुए लोकतंत्र के चौथे सिपाही के रूप में अपनी सेवा दे रहे वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी, अश्वनी सिंह ठाकुर, पवन अग्रवाल सहित उपसंचालक जरीफ खान व आनंद दुबे का शाल श्रीफ्ल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# पांडेय जी और सुबह की सैर का चस्का



## व्यंग्य

लालित्य ललित

पांडेय जी को बढ़ती उम्र के साथ जो इश्क हुआ है,उसकी तो पूछिए मत । रात को जल्दी सो जाना उन्हें पसंद है और वे नहीं चाहते कि कोई भी उनके कमरे में रात को किसी भी किसिम की राजनीति न करे।एक तो पांडेय जी ओ नियम है कि रात्रि भोज भी जल्दी निबटा देते है ताकि जो कार्य करना है वह कर लें।

तभी उनके मित्रो के द्वारा सृजित वास्टसप ग्रुप पर राधेलाल ने संदेश दिया कि कुरुक्षेत्र में कौन कौन साहित्यकार जाएगा!

पांडेय जी ने कहा महाराज आप पहले मुंबई फ्तह और आओ,जब दिल्ली आ जाओगे,तब की तब देखेंगे।

मामला यह है कि जो सदा मौलिक अधिकार का हनन करने में विश्वास रखता हो तो उसके मन में खलबली मचती रहती है कि खुजाएं कैसे और खुजलाए कैसे!

पांडेय जी ने कहा पहले आ कर बैठकी के चिंतन और सरोकार पर विमर्श करेंगे तब आप के प्रस्तावित प्रस्ताव पर कोई विचार कर पाएंगे।

राधेलाल समझ रहे थे,एक वह जमाना था जब लोग बेवकूफबन जाते थे अब जमाना बदल चुका है,चलो देखते है कि क्या निष्कर्ष निकलता है।

सुबह पार्क में पांडेय जी अपनी कसरत और तालियों का सत्र खत्म कर हटे ही थे कि बगल के एक चर्चित अस्पताल की गाड़ी के तीन बाशिंदे आ गए; उनके साथ टेबल, स्टूल और वजन की मशीन के साथ बल्ड प्रेशर और शुगर का यंत्र भी मौजूद था,ऐसे लगा मानो अस्पताल की ओपीडी वहीं लग गई हो,नंबर पूछा जाने लगा और वजन के साथ सुईं आपकी नसों में जाकर ऐसे लगीं जैसे आपकी प्रेमिका ने आलिंगन कर लिया हो,बहरहाल पांडेय जी ने सिन्हा साहब को देखा और जोर देकर कहा,आइए चेक कर लो, सिन्हा जी बिदक गए,कहने लगे,दूर से ही,क्या पता दो चार बीमारी ही निकाल दें,मैं नहीं करता और इनका कोई भरोसा भी नहीं,भाई साहब।साहनी सहाब ने पांडेय जी के कहने पर चेक अप करवा लिया और वसीम खान के साथ कुछ देर बैठ गए और अपने पांडेय जी पार्क से निकल गए।अब उन्हें ओपी की दुकान से दूध लेना था,और घर आ कर चाय बनाते हुए हनुमान चालीसा का पाठ भी सुनना था, छज्जे पर अखबार था,चाय और रस सामने हो तो पांडेय जी की निगाह देश दुनिया के समाचारों पर रहती है।

।कुछ देर में मैट्रो में थे।

तभी दयाल बाबू का फोन आया,कहां हो! पांडेय जी!

पांडेय जी ने कहा दशरथ पुरी क्रास की है,बस कुछ देर वसंत विहार होंगे,हम तो वसंत विहार मेट्रो के बाहर बैठे है,आ जाइए,साथ चलेंगे, पांडेय जी ने कहा क्या बात है आज!

इतनी सुबह!

सब ठीक तो है न!

अरे भाई सब ठीक है,पंचशील पार्क जाना है डॉक्टर से रिपोर्ट लेनी है,दयाल बाबू ने गहरी सांस भरते हुए कहा।

पांडेय जी ने कहा,एक काम करो,अपने आजू बाजू की पड़ोसनों से दोस्ती करो,उससे एक फायदा यह होगा,माइग्रेन की बीमारी कोसों दूर भाग जाएगी,सुनकर दयाल बाबू के चेहरे पर रौनक ऐसे आई मानो जीरो वाट बल्ब की जगह किसी ने साठ वाट का बल्ब लगा दिया हो।

पांडेय जी कमरे में आसीन हुए; चपरासी ने पानी भरा,तब तक पांडेय जी ने अपने कमरे का पंखा और एसी चला लिया,ऐसे लगा मानो किसी ने आक्सीजन सिलेंडर लगा दिया हो।

सोचने लगे दिल्ली और महानगर की जिंदगी कैसे होती है!

कैसे लोग अपना भरण पोषण के लिए मारा मारी करते है,महिलाएं,युवा और बुजुर्ग! जितने लोग,उतने किस्से।

बहरहाल यह सब तो ऐसे ही चलेगा।

तभी उन्होंने चपरासी को बुलाने के लिए फोन लगाया,आजकल सब जरूरत से ज्यादा समझदार जो है।

पांडेय जी क्रियेटिव मूड में थे और मूड का क्या है,वह कभी भी जागृत अवस्था में आ सकता है।

कभी किसी गिलहरी से कुछ सीखो / लालित्य ललित

सीखना

किसी भी उम्र में कोई अपराध नहीं होता

जब समय मिल जाएं

तभी सूर्योदय होता है

इस बात को समझिए

गिलहरी कभी भी

बिजली की तार पर भरतनाट्यम कर लेती है

ऐसे ही आम आदमी भी

कहीं भी कुछ भी कर सकने में समर्थ है

इसलिए कहीं से भी कुछ ज्ञान मिल सकता है

तो उसे लेने में किसी भी प्रकार से परहेज नहीं करना चाहिए

सोचना इस बात को

गिलहरी हो,चींटी हो

सब कोई न कोई संदेश देने में कामयाब है

इसलिए मैं सीखने का प्रयास हमेशा करता हूं

और उम्र इसमें कोई बाधा नहीं

सीखना तुम भी

और नहीं सीख पाए अभी तक

तो प्रयास करते रहना चाहिए

देखना खुशी चेहरे पर आएगी और मैं उस पल पा साक्षी बनना चाहता हूं।

पांडेय जी आज अवकाश पर है,तभी उन्होंने सोचा था आज पार्क में देर तक बैठेंगे और दुनिया जहां की चर्चा करेंगे।लेकिन साहब जो सोचते है वह कहां हो पता है! यह भी चिंतन की एक प्रक्रिया है और क्रिया का क्या है उसकी प्रतिक्रिया तो मिलती ही है।

पार्क में एक और सज्जन मिल गए,पक्के टाइप के देहाती थे,दूसरे का सम्मान पूरा करते थे,करना भी चाहिए,उन्हें क्रिकेट की ऐसी नॉलेज थीं जैसे राधेलाल को यह पता था कि किस बंदे को किस आधार पर सम्मान दिलवाया जाना है और नाम बनी बनाई सूची में से निरस्त करवाना है, पांडेय जी को यह बात समझ में आ गई थी,अब चला चली के मेले में यह बात जगजाहिर है कि किस कंपनी का भाव शेयर बाजार में जोर पकड़ रहा है और किस का जमीन छोड़ रहा है,जैसे ललपकुराम का भाव मार्किट में न के बराबर है,अंतर्मन ने कहा कि पांडेय जी ज्यादा सोचना नहीं चाहिए,क्योंकि चिंतन से मन चैतन्य होता है और अनावश्यक चिंतन से रक्तचाप उछाल मारता है,इस बात को जितना जल्दी समझ आ जाएं,उतना बेहतर है।

फिलहाल बात करें,आज पार्क में पांडेय जी ने उपस्थित लोगों के मन को टटोला तो पाया कि दूसरे लोग भी उनकी तरह खाने पीने के शौकीन है। सिन्हा साहब ने कहा कि हम तो खाली आदमी है,जब कहेंगे तब झोला उठा कर चल देंगे, पांडेय जी ने कहा भइया अभी रहने दें, भाभी का संदेशा आया है कि अभी मकान को किस्तें बाकी है,झोला उठा कर जंगल में मंथन करने को परमिट नहीं करूंगी।

लेकिन पांडेय जी ने मन बना लिया था कि संडे मतलब हॉलिडे।संडे को शक्ति नगर की शर्मा कचौड़ी और वह भी आलू की सब्जी के साथ ला कर मानेंगे,दो और सुबह के साथी तैयार हो गए।

पांडेय जी ने कहा कि मित्रो जो आपने खा लिया,मन तृप्त हो गया,वह आत्मीय सुख आपका अपना है,और जो साध आपने मन में रख ली,उसका क्या! इसलिए मन में कुछ नहीं रखना चाहिए।

पांडेय जी को लिखने का शौक है,कुछ किताबें भी है।एक बड़े टाइप के लेखक ने कहा था, बादशाओ क्या चिंता करते हो! कुछ नहीं रखा पुरस्कार में,सम्मान में!

अंतर्मन कुमार ने कहा,सही कहते है अपने राधेलाल जी,वैसे भी सम्मानों की सफाई कहां होती है,आजकल! और लेखक के जाने के बाद वैसे भी किताबें और प्रतीक चिन्ह कबाड़ी वाला औने पौने दाम में ले जाता है,गली वाले उसे जानते नहीं,कुत्ते और पीछे पड़ जाते है,बड़ा संभल कर रहना पड़ता है।

पांडेय जी ने भी सोच लिया था, कि यह भी एक तरह का गोरख धंधा है,जो इसमें उलझ कर रह गया,वह कहां लिख पाएगा! इसको ऐसे लीजिए,वह कहीं का भी नहीं रहता!!

टिप्सी मुटरेजा का खयाल आया।उसका कहना था,अब उम्र हुई,लेखन पीछे रह गया,अब क्या करें! लेकिन पांडेय जी कई बार टोकते रहते थे कि अपना लक्ष्य कभी नहीं भूलना चाहिए।

तभी रामप्यारी ने कहा कि बिटिया के कमरे की घड़ी ठीक तरह से चल नहीं रही,उसकी मशीन बदलवा लाओ। पांडेय जी ने कहा जी देवी जी।दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद थीं। पड़ोस के हलवाई को जलेबियां छनता हुआ देख पांडेय जी के कदम रुक गए,ढाई सौ ग्राम तुलवा लाएं,एक हाथ में खराब घड़ी और दूसरे हाथ में गरमागरम जलेबियां।

रामप्यारी ने कहा क्या ले आएं!

पांडेय जी ने कहा कि जानेमन तुम्हारी पसंद! जलेबी!

रामप्यारी ने कहा क्या बात है! इतने वर्षों में पहली पसंद याद रही,तभी चीकू ने कहा कि पापा जी,बनारस चलेंगे और वह भी वंदे भारत से! क्या चलती है! पांडेय जी ने कहा पैसे भी तो लगेंगे,अभी सफेदी करवाई है और किचेन पर खर्चा हो गया,चीकू भड़क गया,जैसे उसका मत किसी और ने अपने नाम से डाल दिया हो!

पांडेय जी ने कहा बेटा महंगाई की तरह गुस्सा मत कर,अपना सिलेंडर सस्ता कर,ले जाएंगे बनारस, जरा पैसे का बंदोबस्त होने दें।

तभी रामप्यारी ने कहा कि बिटिया के जन्मदिन पर ड्राइंग रूम सजाया जाएं, पांडेय जी तुनक गए,जैसे उनकी धोती में कोई बिगडेल चूहा घुस गया हो और आपत्तिजनक हरकतें करने को आमादा हो।उन्होंने कहा अभी सफेदी करवाई है,वह बिगाड़ देंगे,फालतू टैप शैप लगा कर,बात समझ आ गई,रामप्यारी को,वह मान गई। पांडेय जी अपनी फीकी चाय पीने लग गए,कहते है मीठी जलेबी के बाद फीकी चाय पीनी चाहिए,राधेलाल भी यही किया करते है।

## संपादकीय

# जांच की जरूरत है

खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। हालांकि विवाद अंतरराष्ट्रीय है, लेकिन इसमें कथित रूप से भारतीय नागरिक भी शामिल या इससे प्रभावित बताए जाते हैं, इसलिए इस पर भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। पोलैंड में तो इस कांड में भागीदारी के कारण वहां के उप विदेशमंत्री को बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लोगों को पोलैंड का वीजा दे कर यूरोप और अमेरिका भेजा गया है। खुद पोलैंड की सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी ने यह मामला उछाला, लेकिन तब उसे पता नहीं था कि यह उसको भी भारी पड़ेगा। जब बात बढ़ी, तो वर्तमान सरकार भी घेरे में आ गई। गौरतलब है कि जल्द ही पोलैंड में चुनाव होने वाले हैं। पोलैंड के अफ्रीका और एशिया के दूतावासों से पैसे लेकर वीजा देने के मामले के उछलने से सत्ताधारी पार्टी की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। पोलैंड में प्रवासियों को लेकर नियम काफी सख्त हैं। इसका फायदा पोलैंड के अधिकारियों ने उठाया। उन्होंने मोटी रिश्वत में लेकर अयोग्य लोगों को पोलैंड का वीजा दिलवाया। ये लोग पोलैंड से वीजा लेकर यूरोप में जर्मनी और दूसरे देशों की ओर गए। यूरोपियन यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों में किसी का वीजा होने पर पूरे ईयू क्षेत्र में जाया जा सकता है। खबर है कि जिन देशों को पोलैंड का वीजा दिया गया, उनमें से कुछ लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भी भेजा गया। इसके लिए बकायदा पोलैंड के दूतावासों से मल्टीइंट्री वीजा जारी किए गए। इस तरह के हरेक वीजा के लिए 35,000 से 40,000 डॉलर तक की रकम बिचौलियों की मदद से वसूली गई। रिपोर्टों के मुताबिक यह सिलसिला 2021 से ही चल रहा था। चूंकि इसमें भारत का नाम भी उछल गया है, इसलिए इस बारे में भारत सरकार को अपने यहां पूरी जांच करानी चाहिए।

# क्या महसा अमिनी ने ज़िन्दगी यूं ही गँवा दी?

श्रुति व्यास

पिछले साल पूरा ईरान तब स्तब्ध रह गया था जब युवा कुर्दिश-ईरानी युवती महसा अमिनी को अपने बाल सार्वजनिक रूप से दिखाने की कीमत हिरासत में मौत के रूप में चुकानी पड़ी थी।उस घटना से ईरान की लड़कियां, किशोरियां और महिलाएं बहुत दुखी और परेशान हुईं। वे सड़कों पर उतरीं, उन्होंने अपना गुलूबंद जलाया और बाल कटवाए। पुरुष भी महिलाओं के समर्थन में आगे आए और इसने कई वर्षों में हुए देश के सबसे बड़े सरकार-विरोधी प्रदर्शनों का रूप ले लिया। जैसा कि अनुमान था, इस प्रतिरोध को सख्ती से दबाया गया। ईरान के सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को पीटा, सैंकड़ों मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। दुनिया ने ईरानियों का समर्थन किया और सरकार की कार्यवाही की निंदा की। लेकिन आज एक साल बाद विरोध बहुत कम हो गया है और सरकार अपने दोस्तों, सहयोगियों और दुश्मनों से हाथ मिलाकर अपनी राजनैतिक और आर्थिक स्थिति बेहतर करने में व्यस्त है।

तेल का निर्यात पहले के स्तर तक पहुंच चुका है और इसी सप्ताह ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयार्क पहुंचेंगे। इस बीच ईरान की संसद में एक नया कानून विचाराधीन है जिसके जरिए मोरल पुलिस को पुनर्जीवित किया जाएगा (जिसे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर भंग कर दिया गया था) और वेशभूषा संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर नए दंडों का प्रावधान किया जाएगा।

जो सरकार प्रदर्शनों के शुरुआती दिनों में घबराई हुई थी, उसकी हिम्मत दुबारा बंध गई है।

लेकिन वैश्विक मीडिया के मुताबिक सतह के नीचे अब भी विद्रोह और विरोध जिंदा है। जुलाई में कई ईरानियों ने देश के नेताओं द्वारा आशूरा के मौकेपर आयोजित किए जाने वाले लोकप्रिय धार्मिक जुलूसों का बहिष्कार किया। यह शियाओं का एक बड़ा उत्सव होता है। अभी भी कई महिलाएं सिर ढंकने और सादगीपूर्ण वस्त्र पहनने के कड़े नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। धार्मिक राज्य के प्रति तिरस्कार का भाव, जिसके चलते महिलाओं ने नकाब पहनना बंद कर दिया था, इतना अधिक है कि रूढ़िवादी पिताओं तक ने अपनी बेटियों को उनकी मर्जी के कपड़े पहनने की आजादी दे दी है।

और अधिकाधिक लोग कार्ड के बजाए नकद लेनदेन कर रहे हैं ताकि एक ऐसी सरकार, जिसे वे अवैध मानते हैं, को टैक्स न मिले। विरोध प्रदर्शनों और बगावत के पक्ष में माहौल साफ नजर आता है। सरकार की लोकप्रियता और उसके प्रति समर्थन में गिरावट आई है। लेकिन सरकार इस सबसे बेफिक्र है और उसका तानाशाहीपूर्ण रवैया बढ़ता जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनी ने इस्लामिक गणतंत्र का नेतृत्व करने की आकांक्षा त्याग दी है और अब वे केवल एक इस्लामिक सरकार को चलाने की उम्मीद रखते हैं। दूसरी ओर राष्ट्रपति रईसी अपनी स्थिति मजबूत करने में लगे हुए हैं। वे अपने पूर्ववर्तियों और उनके अनुयायियों ङ्क चाहे वे सुधारवादी हों या कट्टरपंथी ङ्क से दूरी बनाए हुए हैं और सन् 2008 में सुधारो के पक्ष में अभियान चलाने वाले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार अभी भी घर पर नजरबंद हैं।

बढ़ते नियंत्रणों, बंदिशों, वेशभूषा संबंधी जुर्मानों और गिरती हुई अर्थव्यवस्था के चलते बहुत से ईरानी देश छोड़ रहे हैं। लेकिन चीन और रूस जैसे देश इस कट्टरपंथी सरकार के साथ गठजोड़ और व्यापार बढ़ा रहे हैं। हाल में ईरान को ब्रिक्स में शामिल होने का न्यौता दिया गया और सबसे कट्टर शत्रु ङ्क ईरान और सऊदी अरब ङ्क भी एक दूसरे के निकट आ रहे हैं। इसी माह ईरान और सऊदी अरब ने एक-दूसरे के यहां राजदूत नियुक्त किए। यहां तक कि अमेरिका के साथ चल रहे तनावपूर्ण संबंध भी बेहतर हुए हैं। रईसी अमेरिका के दौरे पर हैं और ऐसी चर्चा है कि अमेरिका के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के संबंध में एक नए समझौते पर बातचीत हो सकती है। ईरानी सरकार अपनी जनता की नाराजगी तो दूर नहीं कर पा रही है लेकिन वह विश्व समुदाय से चल रही तनातनी को कम करने में जरूर सफल रही है। और विश्व समुदाय ङ्क जो एक युद्ध और वैश्विक संकट से जूझ रहा है ङ्क इस कट्टरपंथी और अधिनायकवादी सरकार को झेल रहा है।

ईरानी जनता लड़ रही है बल्कि यह कोशिश कर रही है कि महसा अमिनी की मौत बेकार न जाए। लेकिन जहाँ एक समय दुनिया ने जनता के साथ उसके व्यवहार के चलते ईरानी सरकार को बहिष्कृत कर दिया था वहीं आज ईरान की जनता अकेली पड़ गई है।

# अपने गिरेबान में झांकने का समय!

अजीत द्विवेदी



विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' की मीडिया कमेटी ने मुख्यधारा के खबरिया चैनलों से जुड़े 14 एंकर्स के साथ 'असहयोग' का ऐलान किया है। विपक्षी पार्टियां इन एंकर्स के कार्यक्रमों में अपने प्रवक्ताओं या टेलीविजन वक्ताओं को नहीं भेजेंगी क्योंकि विपक्ष को लग रहा है कि ये एंकर देश में नफरत फैलाने के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। विपक्षी पार्टियों ने यह फैसला इन एंकर्स के कार्यक्रमों में बहस के लिए रखे जाने वाले विषयों, उसमें बुलाए जाने वाले मेहमानों, बहस की दिशा और इन एंकर्स के अपने आचरण के इतिहास के आधार पर किया है। इसलिए मानना चाहिए कि फैसला सोच-समझ कर किया गया होगा और विपक्षी पार्टियों को इसके असर का अंदाजा भी होगा।

इसके पक्ष और विपक्ष में खूब सारे तर्क दिए जा रहे हैं। विपक्ष के 'असहयोग' का निशाना बने एंकर्स अपने को शहीद बताते घूम रहे हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा खुल कर उनका समर्थन कर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियां इस कदम का बचाव कर रही हैं। पत्रकारों के भी दो खेमे बने हैं और स्वतंत्र विचारकों, लेखकों, व्यंग्यकारों के भी दो खेमे बने हैं। दोनों तरफ से अच्छे-अच्छे रूपक गढ़े जा रहे हैं। फिल्मों की कहानी, गाने आदि लिखने वाले एक प्रतिबद्ध स्टैंड अप कॉमेडियन वरुण ग्रोवर ने बहुत अच्छा रूपक गढ़ा। उन्होंने कहा कि 'अगर मुझे पता चल जाए कि मेरे शहर का एक दुकानदार बहुत खराब तेल में बासी आलू के समोसे बनाता है और मैं उसके यहां से समोसे खरीदना बंद कर दूं तो यह मेरी सेहत की रक्षा के लिए उठाया गया कदम माना जाएगा या उस दुकानदार का हक मारने वाला कदम होगा'? यह बिल्कुल सही रूपक है। अगर विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि कुछ एंकर नफरत फैला रहे हैं या किसी ज्ञात-अज्ञात कारण से विपक्षी पार्टियों के हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो उनके साथ असहयोग करना न तो प्रेस के ऊपर हमला है और न विपक्षी पार्टियों के भय को दिखाता है। यह अपने हितों का ध्यान रखते हुए किया गया सुविचारित फैसला है।

हैरानी की बात है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष होने का दिखावा करने वाले कई पत्रकार भी कह रहे हैं कि विपक्षी पार्टियों ने अच्छा नहीं किया। एंकर्स के बहिष्कार, जिसे विपक्षी पार्टियां 'असहयोग' कह रही हैं, से अच्छी मिसाल कायम नहीं होती है। लेकिन ऐसा कहने या मानने का कोई आधार नहीं है। विशेष परिस्थितियों में इस तरह के उपाय कई जगह देखने को मिलते हैं। मिसाल के तौर पर संसद में जब कोई सांसद ज्यादा शोर-गुल करता है या असंसदीय आचरण करता है तो स्पीकर या सभापति उसे चेतावनी देते हुए कहते हैं कि अगर वे शांत नहीं हुए तो उनका नाम लिया जाएगा। टेलीविजन के सीधे प्रसारण में या सदन में मौजूद सदस्यों को दिख रहा होता है कि कौन सांसद हंगामा कर रहा है। फिर भी एक सीमा तक शोर-गुल करने और कार्यवाही में बाधा डालने की इजाजत होती है क्योंकि वह संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है।

परंतु पानी सिर के ऊपर बहने लगे तो फिर नाम लेना पड़ता है। स्पीकर या सभापति सदस्य का नाम पढ़ते हैं। इसको अच्छा नहीं माना जाता है। यही काम विपक्षी पार्टियों ने एंकर्स के मामले में किया है। सबको दिख रहा था कि कौन एंकर किस तरह से खास एजेंडे के तहत विपक्ष को निशाना बना रहा है, विपक्षी नेताओं को अपमानित कर रहा है, झूठ फैला रहा है और समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा दे रहा है। अगर विपक्षी पार्टियों ने ऐसे एंकर्स की पहचान की है और कुछ लोगों का नाम लिया है तो ऐसा करना उनका अधिकार भी है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा भी है।

ध्यान रहे विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ एंकर्स के नाम लिए हैं। उनके कार्यक्रम में जाने से मना किया है। इसके अलावा किसी तरह की दमनकारी कार्रवाई नहीं की है, जबकि 11 राज्यों में उन पार्टियों की सरकार है, जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। अगर ये पार्टियां अपने अपने शासन वाले राज्यों से विज्ञापन देना बंद करें, मालिकों पर दबाव डलवा कर एंकर्स या किसी पत्रकार को नौकरी से निकलवाएं, उनको धमकी दें, पुलिस एफआईआर करे, गिरफ्तारी हो, रिपोर्ट रुकवाई जाए, चैनल बंद कराने की धमकी दी जाए तब तो इसे प्रेस की आवाज दबाना कहा जाएगा। यहां तो उलटा है। यहां एंकर्स को नहीं रोका गया है और न कोई कार्रवाई की गई है। विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ इतना कहा है कि वे उनके कार्यक्रम में अपने प्रवक्ताओं को नहीं भेजेंगे। इसे प्रेस की आजादी पर हमला करना नहीं कहा जा सकता है। हां, इस पर बहस हो सकती है कि विपक्ष को ऐसा करने से फायदा होगा या नुकसान, लेकिन यह अलग बहस का विषय है। विपक्ष ने जो किया है, अगर उसके गुण-दोष पर यानी मेरिट पर बात करें तो इसमें कुछ भी असंसदीय, अलोकतांत्रिक या अराजनीतिक नहीं है। आखिर भाजपा भी अघोषित रूप से ही सही लेकिन एंकर्स का बहिष्कार करती है!

बहरहाल, विपक्ष की ओर से बहिष्कृत एंकर्स ने उसके बाद जो प्रतिक्रिया दी है और देश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से उनके बचाव में उतरी वह देखना दिलचस्प था। उससे अपने आप यह साफ हो गया कि विपक्षी पार्टियों ने जो किया वह सही किया। भाजपा की ओर से इन पत्रकारों को निष्पक्ष बताया गया और कहा गया कि इन्होंने झुकने से इनकार कर दिया तो विपक्षी पार्टियां उनका बहिष्कार कर रही हैं। लेकिन किसी खास एंकर के कार्यक्रम के बहिष्कार को झुकाने का प्रयास नहीं कहा जा सकता है। विपक्षी पार्टियों के प्रवक्ता उस चैनल के दूसरे कार्यक्रमों में जाएंगे, दूसरे एंकर्स को इंटरव्यू देंगे लेकिन जिनके बारे में यह धारणा है कि वे झूठ और नफरत फैला रहे हैं उनका बहिष्कार करेंगे। वैसे भी सरकारी दल जिन पत्रकारों की तारीफ और बचाव करे विपक्ष को उनसे दूर ही रहना चाहिए।

इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा फूहड़ और अश्लील तर्क स्वनामधन्य एंकर्स की तरफ से दिया जा रहा है। एक एंकर ने बहिष्कार को बैज ऑफ ऑनर कहा तो भाजपा के एक नेता ने उनको वारियर्स ऑफ ट्रुथ कहा। सोचें, इनके कार्यक्रम से कौन सा सच सामने आया या किस सच की लड़ाई इन्होंने लड़ी? क्या इनमें से किसी ने चीन की घुसपैठ का सच दिखाया या उस पर सवाल पूछा? चीन ने भारत का बड़ा हिस्सा अपने नक्शे में दिखाया और अरुणाचल प्रदेश के गांवों के नाम बदल दिए तो क्या इनमें से किसी एंकर का खून खौला और उसने भारत की संप्रभुता पर हुए इस हमले को लेकर कोई खबर दिखाई या बहस कराई? डॉलर की कीमत 83.27 रुपए हो गई, पेट्रोल एक सौ रुपए लीटर से ज्यादा दर पर बिक रहा है, दो सौ रुपए कम होने से पहले रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत 11 सौ रुपए से ऊपर थी, तो क्या महंगाई को लेकर इन एंकर्स ने कोई सच दिखाया? सरकारी संपत्तियों को बेचे जाने या राफेल सौदे की गड़बड़ियों या मॉब लिंचिंग को लेकर कोई सवाल उन्होंने उठाया? अडानी-हिंडनबर्ग की रिपोर्ट हो, कश्मीर में लोकतंत्र पर ताला लगाने का मामला हो या अच्छे दिन का वादा हो किसी ने इनका सच नहीं दिखाया। हकीकत यह है कि किसी ने सरकार से एक सवाल पूछने की जरूरत नहीं समझी। उलटे सत्तारूढ़ दल के एजेंडे के हिसाब से विपक्ष को कठघरे में खड़ा करते रहे। इनकी सच की लड़ाई सिर्फ विपक्ष से है। इनके लिए सवाल पूछने का मतलब विपक्ष से सवाल पूछना है। असल में टेलीविजन के ज्यादा न्यूज एंकर्स ने पत्रकार होने की न्यूनतम नैतिकता का ध्यान नहीं रखा है। उन्होंने पत्रकारिता के सिद्धांत को सिर के बल खड़ा कर दिया। वे सरकार से सवाल पूछने की बजाय विपक्ष से लड़ते रहे। वे कहते हैं कि डट कर सवाल पूछते रहेंगे। सोचें, किससे सवाल पूछेंगे? विपक्ष से! वे कह रहे हैं कि झुकेंगे नहीं। इसका क्या यह मतलब नहीं है कि पहले की तरह ही वे सरकार के एजेंडे पर काम करते रहेंगे और विपक्ष से सवाल पूछते रहेंगे! यह पूरी तरह से गलत है फिर भी इस पर आंख बंद की जा सकती है लेकिन अगर कोई पत्रकार सारे समय समुदायों के बीच नफरत फैलाने, समाज में विभाजन और तनाव बढ़ाने का काम करेगा तो कोई भी समझदार आदमी क्या करेगा? आम आदमी टेलीविजन पर न्यूज देखना बंद कर देगा, जैसा बहुत से लोग कर चुके हैं। इसके लिए कोई न्यूज चैनल दबाव नहीं डाल सकता है कि आप क्यों नहीं उसका चैनल देख रहे हैं। उसी तरह विपक्ष ने अपने प्रवक्ता नहीं भेजने का फैसला किया है तो कोई उन पर दबाव नहीं डाल सकता है कि आप प्रवक्ता क्यों नहीं भेजेंगे।

## सार-समाचार

### कुदरगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्य म का हुआ आयोजन



**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम की उपस्थिति में कुदरगढ़ में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रा आकृति एक्का तथा अंगीता सिंह के द्वारा ''स्वच्छता जागरूकता-कचरा मुक्त'' विषय पर भाषण दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्यामपति राजवाडे तथा सुनिता सोनहा एवं साथियों के द्वारा स्वच्छता गीत प्रस्तुत किया गया। शासकीय महाविद्यालय ओड़गी के छात्राओं के द्वारा रंगोली तथा पीली चौहान, ज्योत्सना कुषवाहा एवं टीम के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाया गया। शासकीय महाविद्यालय ओड़गी, प्राथमिक शाला धूर तथा प्राथमिक शाला कुदरगढ़ के बच्चों द्वारा स्वच्छता मापदण्ड (ओ.डी.एफप्लस) का मानव श्रृखला बनाकर स्वच्छता का संदेष दिया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी लीना कोसम के अगुवाई में कुदरगढ़ के सर्म्पूण मन्दिर परिषर में भ्रमण कर स्वच्छता श्रम दान किया गया और सड़क किनारे लगे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबीन लगाने का निर्देष दिया गया। सुश्री लीना कोसम ने बताया की स्वच्छ भारत मिषन के मापदण्ड अनुसार अब ओ.ड़ी.एफ से ओ.ड़ी.एफ प्लस कैटेगरी में लाने के लिए सभी को संयुक्त प्रयास की आवष्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि जैसे हमें स्वच्छ कपड़े की आवश्यकता होती है वैसी ही अपने गांव घर शहर को भी स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। 20 माईक्रॉन से कम सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का संदेश दिया गया, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट की स्थापना किये जाने के संबंध में बताया गया।

साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदीयों को कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के हाथो से सम्मानित किये गये। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्री सागर सिंह, जनपद पंचायत अधिकारी रणवीर साय, तहसीदार सालिक राम गुप्ता, स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण संजय सिंह, ए.ड़ी.ई.ओ. जनक राम वर्मा, महेन्द्र कुषवाहा, संतोष राजवाड़े, कपिल मुनी गुर्जर स्वच्छ भारत मिषन, उमेष्वर साहू, राकेष गुर्जर एवं जनपद के कर्मचारीगण तथा जनपद सदस्य प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह, अतिथि अवधेष गुर्जर, दानी पाण्डेय, लवकेष गुर्जर, कुदरगढ़ सरपंच एवं सचिव, इन्दरपुर सरपंच एवं सचिव, बभना सरपंच एवं सचिव, धूर सरपंच एवं सचिव, मितानिन, आंगनबाड़ी, स्वच्छता दीदी, समूह की महिलायें एवं ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

### जिले मे मनाया गया आयुष्मान दिवस

**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के 5 वर्ष तथा आयुष्रमान भारत डिजिटल मिशन के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत दिवस के अवसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सिविल सर्जन, एवं नोडल अधिकारियों द्वारा योजना से संबंधित उपयोगिता व लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत के तहत दूसरा घटक प्रधानमंत्री जन आरोग्य है, जिससे पीएम-जय के नाम से जानते है। यह योजना 23 सितंबर 2018 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राची, झारखंड में शुरू की गई।

आयुष्मान दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आस्वाषन योजना है। जिसका उद्देश्य प्रति परिवार के प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज गरीब और वंचित परिवारों को मुहैया कराना जाना हैं। पीएम-जय पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्त-पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा आस्वाषन योजना है। यह योजना भारत में सार्वजनिक व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीय स्वास्थ्य उपचार के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की धन राशि लाभार्थियों को मुहया कराती है।

पीएम-जय सेवा संस्थान अर्थात अस्पतालों में लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क प्रदान करती है। इस योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने से 3 दिन पहले और 15 दिन बाद तक का नैदानिक उपचार स्वास्थ्य इलाज व दवाइयां मुफ्त उपलब्ध होती हैं। इस योजना के तहत परिवार के आकार, आयु या लिंग पर कोई सीमा नहीं है। इस योजना के तहत पहले से मौजूद विभिन्न चिकित्सा परिस्थितियों और गंभीर बीमारियों को पहले दिन से ही शामिल किया जाता है। पीएम-जय एक पोर्टेबल योजना है यानी की लाभार्थी इसका लाभ पूरे देश में किसी भी सार्वजनिक या निजी सूचीबद्ध अस्पताल में उठा सकते हैं। इस योजना में लगभग 1395 प्रक्रियाएं और पैकिज शामिल हैं जैसे की दवाइयाँ आपूर्ति नैदानिक सेवाएं चिकित्सकों की फीस, कमरे का शुल्क, ओ.टी और आई.सी.यू शुल्क इत्यादि जो मुफ्त उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों की प्रतिपूर्ति सार्वजनिक अस्पतालों के बराबर की जाती है।

---

#### भूपेश सरकार ने बहुप्रतीक्षित सडक़ का सपना किया साकार

## रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग निर्माण से क्षेत्र वासियों को मिलेगा लाभ -विधायक कमरों

**राजीव कुमार वर्मा**

**एमसीबी---भारत भास्कर भरतपुर**-सोनहत विधानसभा बहुप्रतीक्षित रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग के लिए शासन की ओर से बड़ी राशि मंजूर की गई है जिससे छत्तीसगढ़ से लेकर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तक के नागरिको को लाभ मिलेगा।

क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखने वाले क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो की पहल रंग लाई है। विधायक कमरो के प्रयास से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने घोषणानुरूप क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। विधायक कमरों ने बताया कि भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ से कोटाडोल तक काफी लंबे समय से पक्की सडक़ की मांग की जा रही थी। रामगढ़ में आयोजित भेंट-मुलाकातकार्यक्रम में

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों की मांग पर शीघ्र उक्त मार्गको मूर्त रूप दिए जाने की घोषणा की थी। प्रदेश के मुखिया की घोषणा के अनुरूप वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक बजट में शामिल भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग लंबाई 27.20 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए 46 करोड़ 95 लाख 66 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग के बनने से कटवार, कुदरी, झापर, देवसिल, रौक, सीतापुर, सोनवही, मसर्रा, बडग़ांव, खोखनिया, मोंगरा, भुमका, खडग़वां, रामगढ़,



नटवाही, कुहूकपूर, चुलादर,सिंघोर, उग्याव, सेमरिया, सलगवां सहित कई ग्राम के लोग लाभान्वित होंगे।

मध्यप्रदेश तक बस सेवाएं भी शुरू हो सकेंगी---- विधायक ने बताया कि उक्त मार्ग के निर्माण हो जाने से लगभग 20 से 25

हजार की आबादी को इसका फायदा मिलेगा साथ ही एमसीबी और कोरिया जिले के निवासियों को इस मार्ग का लाभ मिलने के साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र तक सडक़ बनने से छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश तक बस सेवाएं भी शुरू हो सकेंगी जिससे बस मुसाफिरों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग में उबड-खाबड़ एवं जर्जर कच्ची सडक़ होने से खासकर बरसात के मौसम में आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। पूर्ववर्ती भाजपा शासन के समय से क्षेत्रवासी यहां पक्की सडक़ की मांग कर रहे थे जिसे पूरा कर भूपेश सरकार ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ से कोटाडोल मार्ग निर्माण होने से क्षेत्र के विकास में और तेजी आएगी। विधानसभा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सौगात मिलने पर विधायक कमरो ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है।

---

## आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति 18 माह बाद भी पूर्ण नही, बदल गए 4 सीईओ, 2 सीडी पीओ




### प्रेमनगर का पदभार मिला प्रशिक्षु सुपरवाइजर को

**नन्दू यादव**

**सुरजपुर भारत भास्कर।** प्रेमनगर विकासखंड में अनिमियता रुकने का नाम नही ले रहा है। प्रशासन अफ्सरों को मनमानी करने की खुली छूट देकर रखे हुए है। इसी कड़ी में प्रेमनगर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओ हेतु 1 वर्ष पूर्व 15 पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका दांवा आपत्ति का समय व अन्य लोगो द्वारा दस्तावेज देने के बाद भी नियुक्ति नही हुई थी। तत्कालीन जनपद सीईओ नीलेश सोनी द्वारा नियमो को ताक में रख कर 6 माह पूर्व आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति कर दिया था। वहीं इसी विज्ञापन में अतिरिक्त आधा दर्जन अभ्यर्थियों की नियुक्ति 1 वर्ष बाद भी महिला बाल विकास के अफ्सरो द्वारा नही कर पाए है। नियुक्ति समिति द्वारा जारी सूची में प्रथम स्थान पर आए कार्यकर्ताओ व सहायिकाओं द्वारा बीते 24 अगस्त को कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। जिस पर महिला बाल विकास प्रेमनगर के परियोजना आधिकारी के द्वारा 2 कार्यकर्ताओ की नियुक्ति कर दी है। किंतु 6 सहायिकाओं की नियुक्ति 1 वर्ष बाद भी नहीं हो पाया है।

अभ्यार्थियों ने 24 जुलाई को दिए कलेक्टर को लिखित शिकायत में बताया है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना प्रेमनगर द्वारा वर्ष 2022 - 23 में कार्यकर्ता हेतु 7 पद, सहायिका हेतु 11 पद, मिनी कार्यकर्ता के लिए 1 पद हेतु विज्ञापन 20 जून 2022 को आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका दावा आपति हेतु 22 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक था। जिसमे आवेदक ने मांगी गई समस्त दस्तावेज के साथ आवेदन किया था. कार्यालय व समिति द्वारा चिन्हाकिंत कार्याकर्ता व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र 6 माह पूर्व दे दिया है जो ज्वाइन कर कार्यरत है। जबकि समिति द्वारा जारी एक लिस्ट में अभ्यार्थी सोनामति साहू पति स्व. राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम भगवानपुर निवासी जो की विधवा है. इन्होने ग्राम भगवानपुर कोसमपारा में आँगनबाड़ी सहायिका हेतू फ़ार्म भरा था. समिति द्वारा जारी सूचि में प्रथम स्थान में होने के बाद भी आज तक नियुक्ति नही दिया गया है. दूसरा अभ्यार्थी सुजाता पति श्री बीरेंद्र, ग्राम केदारपुर निवासी, इन्होने ग्राम केदारपुर नायकपारा के लिए निकाले आँगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदन किया था, समिति द्वारा जारी सूचि में प्रथम स्थान पर होने के बाद भी नियुक्ति नही किया गया है.

अभ्यार्थी छायांति पांडे पति धनंजय, ग्राम महेशपुर निवासी, इन्होने ग्राम महेशपुर के लिए निकाले आँगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदन किया था, समिति द्वारा जारी सूचि में प्रथम स्थान पर होने के बाद भी नियुक्ति नही किया गया है। वहीं सोन कुंवर पति श्री जोखू राम ग्राम केदारपुर निवासी द्वारा फार्म भरा गया था। इनका भी प्रथम स्थान में होने के बाद भी नियुक्ती पत्र नही दिया गया है।

जिसमे समिति द्वारा जारी सूची में प्रथम स्थान में होने के बाद भी आज तक नियुक्ति नही हो सका है। आवेदको द्वारा जनपद कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना प्रेमनगर में कई दफा जाकर नियुक्ति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई, किन्तु इनके द्वारा कोई जानकारी नही दिया जाता है. साथ ही कई अभ्यर्थियो द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में कई दफा शिकायत दिया जा चूका है जिसके बाद भी प्रशासन नियुक्ति नही किया है. जबकि साथ में ही फ़ार्म डाले अन्य अभ्यार्थियो का नियुक्ति 6 माह पूर्व हो चुका है। महिलाओं द्वारा 15 दिवस का समय नियुक्ति हेतु दिया था। जिसके उपरांत आंदोलन के लिए बाध्य होना बताया है। इस भर्ती के दौरान 3 जनपद सीईओ का तबादला हो चुका है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा एक वर्ष तक नियुक्ति नही की है। अब प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन द्वारा आचार सहिंता लगने वाला है। जिसके उपरांत नियुक्ति स्थगित हो जाएगा। बाकी बचे अभ्यार्थियों की नियुक्ति अंधर में है। इसका असर सत्ता रूठ पार्टी को विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

---

## 200 लोगो ने थामा कमल का दामन,

**राजीव कुमार वर्मा**

**एम.सी.बी.--भारत भास्कर--** मनेन्द्रगढ़ विधान सभा मे विगत दिनों परिवर्तन यात्रा से प्रभावित हो ,भारतीय जनता पार्टी के प्रति आस्था जताते हुए पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन मे तथा मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता के नेतृत्व मे हसदेव मंडल के ग्राम नारायनपुर, भौता, छिपछिपी, राजीव मितान समिति के 200 ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति,व सिद्धांतो से प्रभावित हो भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है,

इस दौरान मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयलाल टेकाम, मंडल महामंत्री संतोष गुप्ता, पुन्नी लाल यादव, नरायणपुर के पटेल एवं पूर्व




सरपंच उपसरपंच तथा भाजपा के चिन्ता यादव, संदीप, शिव देवांगन, बुधराम कुर्रे, अविनाश सिंह ,छिपछिपी सरपंच राम सिंह नेताम, उदयसिंह, बेन सिंह, हृदय सिंह, पुष्पराज सिंह, विनोद टेकाम ,सेम सिंह, संतोष तिवारी, छत्रपाल बूथ सचिव, सहित काफी संख्या मे महिलाये एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

---

## जिले मे मनाया गया आयुष्मान दिवस

**नन्दू यादव/ सूरजपुर भारत भास्कर** आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के 5 वर्ष तथा आयुष्रमान भारत डिजिटल मिशन के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत दिवस के अवसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सिविल सर्जन, एवं नोडल अधिकारियों द्वारा योजना से संबंधित उपयोगिता व लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत के तहत दूसरा घटक प्रधानमंत्री जन आरोग्य है, जिससे पीएम-जय के नाम से जानते है। यह योजना 23 सितंबर 2018 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राची, झारखंड में शुरू की गई।

आयुष्मान दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आस्वाषन योजना है। जिसका उद्देश्य प्रति परिवार के प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज गरीब और वंचित परिवारों को मुहैया कराना जाना हैं। पीएम-जय पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्त-पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा आस्वाषन योजना है। यह योजना भारत में सार्वजनिक व निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में माध्यमिक और तृतीय स्वास्थ्य उपचार के लिए प्रति



परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की धन राशि लाभार्थियों को मुहया कराती है। पीएम-जय सेवा संस्थान अर्थात अस्पतालों में लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क प्रदान करती है। इस योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने से 3 दिन पहले और 15 दिन बाद तक का नैदानिक उपचार स्वास्थ्य इलाज व दवाइयां मुफ्त उपलब्ध होती हैं। इस योजना के तहत परिवार के आकार, आयु या लिंग पर कोई सीमा नहीं है। इस योजना के तहत पहले से मौजूद विभिन्न चिकित्सा परिस्थितियों और गंभीर बीमारियों को पहले दिन से ही शामिल किया जाता है। पीएम-जय एक पोर्टेबल योजना है यानी की लाभार्थी इसका लाभ पूरे देश में किसी भी सार्वजनिक या निजी सूचीबद्ध अस्पताल में उठा सकते हैं। इस योजना में लगभग 1395 प्रक्रियाएं और पैकिज शामिल हैं जैसे की दवाइयाँ आपूर्ति नैदानिक सेवाएं चिकित्सकों की फीस, कमरे का शुल्क, ओ.टी और आई.सी.यू शुल्क इत्यादि जो मुफ्त उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों की प्रतिपूर्ति सार्वजनिक अस्पतालों के बराबर की जाती है। कार्यशाला में आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, एनसीडी, कार्यक्रम एवं आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत ऑर्गन डोनेशन किये जाने हेतु सभी व्यक्तियों को शपथ दिलाया गया। कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों व नागरिकों को ऑनलाइन ऑर्गन डोनेशन हेतु पंजीयन कराया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए कर्मचारी एवं आम नागरिक के साथ जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, नोडल अधिकारी ॥ड्डष्ट जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत, जिला समन्वयक ॥ड्डष्ट मलेरिया अधिकारी एवं जिले के नागरिक उपस्थित रहे।

---

#### गणेश पूजा समितियों ने दिखाया उत्साह,कार्य म की हो रही है जम के सराहना.

## राजीव मितान क्लब ने मूर्ति विसर्जन झांकी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**राजीव कुमार वर्मा**

**एमसीबी-चिरमिरी.--भारत भास्कर--**नगर के गणेश पूजा समितियो ने धार्मिक नियमों और विधि विधान के अनुरूप विघ्नहर्ता गणेश जी के मूर्ति का विसर्जन धूमधाम से किया 7 भजन कीर्तन एवं धार्मिक गीत में युवा बच्चे एवं महिलाएं गणेश लल्ला के मूर्ति विसर्जन हेतु सड़क पर निकली युवाओं के साथ महिलाओं ने भी गणपति बप्पा मोरया अगली बरस तू जल्दी आ के गूंजे के साथ डीजे के धुन में नित्य करते हुए विदाई दी

बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार की सरकार योजनाओं को धरातल पर प्रचार प्रसार के उद्देश्य से बनाई गई है राजीव मितान क्लब द्वारा इन दिनों पूरे इलाके में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है राजीव युवा मितान क्लब द्वारा घोषणा की गई थी कि क्षेत्र के गणेश पूजा समिति द्वारा पूजा उपरांत मूर्ति विसर्जन बिना किसी फुहडता के शालीनता के साथ सभी कमेटी झांकी के रूप में विसर्जन का कार्यक्रम करें जिस कमेटी का प्रदर्शन अच्छा होगा करेगा उसे ही सम्मानित




किया जाएगा,. इसी क्रम में चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए गणेश पूजा की समितियां को धार्मिक आयोजन के धर्म कर्म आदि नियमों के तहत सफ्लतापूर्वक आयोजन के लिए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार दिए जाने हेतु चयन समिति का गठन कर एक भव्य गरिमामई आयोजन किया गया ,,

चयन समिति के गोपाल द्विवेदी राकेश श्रीवास्तव रविंद्र सिंह राजेश्वर श्रीवास्तव शोएब अख्तर शिवांश जैन के.डी.महंत उमाशंकर अलगमकर आशुतोष मिश्रा उपस्थित रहे जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय आकर्षण पुरस्कार दिया जाएगा. !!!

बता दे कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमो में अपनी सीधी सहभागिता के लिए राजीव मितान क्लब का गठन कर प्रतिभावान युवा वर्ग को एक अच्छा मंच प्रदान किया है मनेद्रगढ़ विधानसभा सामानव्यक प्रमोद सिंह के नेतृत्व में एमएन राय पेट्रोल पंप के सामने बनाए गए मंच पर बैठे निर्णायिक मंडली ने नगर के गणेश पूजा समितियां को धार्मिक नियमों और विधि विधान के अनुरूप पूजा विसर्जन कमेटियों को सम्मानित किए जाने हेतु अपना निर्णय देंगे लगभग हल्दीबाड़ी शहर की सभी पूजा समितियां अपना नाम चयनित करवाने के लिए ललायित दिख रही थी,सभी ने धार्मिक नियमों भक्ति गानों के तहत विसर्जन किया गया जल्द ही एक तिथि तय कर पुरस्कार वितरण किया जाएगा. !!!

## संक्षिप्त समाचार

### पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर। ब्रम्हदेव नगर लाभांडी में शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजीत यादव 20 वर्ष ब्रम्हदेव नगर लाभांडी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी परस निषाद व उसके दोस्त ने प्रार्थी के पास आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगा। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बिना लायसेंस के फ्टाका बेचते दो संचालक गिरफ्तार

रायपुर। बिना लायसेंस के फ्टाका बिक्री करने वाला दो दुकान संचालक के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि महाराणा प्रताप गार्डन के पास श्यामनगर में दो व्यक्ति बिना लायसेंस के अवैध रूप से फ्टाका बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी दीपक पारवानी 40 वर्ष और संदीप प्रेमचंदानी 35 वर्ष के खिलाफ कार्रवाई कर 32 हजार रुपए का फ्टाका जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 9 ख के तहत कार्रवाई की है।

### युवक के जेब से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर। रेलवे स्टेशन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास अज्ञात व्यक्ति ने युवक के जेब से नकदी रकम, मोबाइल व कागजात पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय कुमार 35 वर्ष गोंदवारा लक्ष्मीविहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह शराब खरीदने के लिए रेलवे स्टेशन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान गया था, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थी के फुल पेंट की जेब में रखे नकदी 4500 रुपए, मोबाइल व कागजात पार कर दिया। चोरी गए जुमलीा कीमती करीब 9500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 356, 379 के तहत कार्रवाई की है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा गया

**रायपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छेदीलाल सरोज 38 वर्ष मठपारा बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सीमरन बार के पास खड़ा था, तभी आरोपी राकेश वर्मा, गयास लक्ष्मी, ओम व राहुल आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 88 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 650 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस के टीम ने लालपुर फ्ल मार्केट के सामने अवैध शराब बेचते आरोपी अजीत कुजूर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी चंद्रभान ध्रुव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संभु दीप 21 वर्ष के पास से 21 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है।

### स्कूलों के सफ़ाई कर्मियों और रसाईयों को मिली बड़ी राहत

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल कर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में कार्यरत् अंशकालीन सफाई कर्मी एवं मध्यान्ह भोजन से जुड़े रसोईयों के मानदेय में 500 रूपए प्रति माह वृद्धि के आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश से छत्तीसगढ़ के स्कूलों में कार्यरत् लगभग 43 हजार अंशकालीन सफाई कर्मियों और मध्यान्ह भोजन बनाने वाले लगभग 87 हजार 500 रसोईयों को बड़ी राहत मिली है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इनके मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग की ओर से पखवाड़े भर पहले वृद्धि पर सहमति प्रदान करने के बाद यह बढ़ोतरी की है।

---

मुख्यमंत्री निवास में मायका का प्यार पाकर गद्गद् हुई महिलाएं

# छत्तीसगढ़ में महिलाएं....आर्थिक एवं सामाजिक रूप से हुई सशक्त-बघेल

- तीजा-पोरा तिहार मनाने बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची मुख्यमंत्री निवास
- इस कड़ी में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न बनाने के लिए हर संभव पहल की जा रही है
- मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास परिसर में तीजा पोरा तिहार के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एवं राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के इस पारम्परिक त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। यहां महिलाएं मायका का प्यार पाकर खुशी से गद्गद् हुई। मुख्यमंत्री श्री बघेल इस मौके पर महिलाओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि तीजा-पोरा माताओं-बहनों की खुशियों और छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण पारम्परिक त्यौहार है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल सहित परिवार के लोग शामिल हुए। साथ ही खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए उससे लाभान्वित महिला हितग्राहियों श्रीमती सरिता साहू, ज्योति मिथलेश, शांति चंद्रा, रेखा साहू, जयंती तथा उर्वशी वर्मा आदि ने भी अपना अनुभव साझा किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। छत्तीसगढ़ में हम शुरूआत से ही महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। इस कड़ी में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न बनाने के लिए हर संभव पहल की जा रही है और इसके लिए कई नई-नई योजनाएं बनाकर कार्यक्रमों का संचालन बखूबी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में हो रहे कार्यों के फ्लस्वरूप आज इनकी स्थिति में काफी बदलाव आए है। वे राज्य में आर्थिक रूप से ही नहीं बल्कि सामाजिक रूप से भी संपन्न होकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश में गोधन न्याय योजना के तहत् निर्मित गौठानों में बड़े तादाद में महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। इसी तरह वनोपज संग्रहण, बिहान आदि योजनाओं के माध्यम से उन्हें आय और रोजगार के लिए साधन सुगमता से उपलब्ध हो गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में लाखों महिलाओं को इसका सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है।

# लाखो निवेशक रायपुर में करेंगे एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन

रायपुर/ संवाददाता

पर्ल्स ग्रुप ऑफ कम्पनीज पूरे देश में 1983 से अपनी योजना चला रही थी इसी क्रम में 1996 से [illegible] नाम से रियल स्टेट (जमीन क्रय-विक्रय) की योजना चला रही थी एवं अपनी योजना अनुसार निवशकों का पैसा समय पर वापस कर रही थी। इस योजना के लिए कम्पनी को सरकार की संबंधित विभागों से लायसेंस प्राप्त था एवं कम्पनी समय पर सरकार को टैक्स टी.डी.एस. एवं बैलेंस शीट देते आ रही थी। कम्पनी को 6 बार राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड द्वारा सम्मानित भी किया गया था। कम्पनी के कार्य प्रणाली को देख कर निवेशक विश्वास के साथ निवेश कर रहे थे, परन्तु 22 अगस्त 2014 को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कम्पनी के कारोबार को कलेक्टिंग इन्वेस्टमेंट स्कीम मानकर कम्पनी को बंद करवा दिया एवं सारे सम्पत्तियों के दस्तावेज जप्त कर लिये जिससे निवेशकों का पैसा मिलना बंद हो गया। कम्पनी सेबी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 02 फ्रवरी 2016 को सेबी को एक आदेश सुनाया कि सेबी, भारत के पूर्व मुख्य न्यायधीश श्रीमान आर. एम. लोढ़ा जी की अध्यक्षता में कमेटी गठन कर कम्पनी के प्रॉपर्टियों को निलाम कर निवेशकों का पैसा लौटा दी जाए परन्तु आज तक किसी को एक भी रुपया वापस नही मिला, जब कि निवेशकों के हित में संघर्ष कर रहे राष्ट्रीय पंजीकृत संस्था ऑल इन्वेस्टर सेफ्टी आर्गनाइजेशन ([illegible]) द्वारा पिछले 9 वर्षों से अनेकों धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिये परन्तु निवेशकों के हित में कोई जवाब नही मिला। सरकार की केन्द्रीय एजेंसी अनुसार देश में 6 करोड़ निवेशक जिनकी कुल देनदारी 49100 करोड़ एवं जप्त प्रॉपर्टियों की मार्केट वैल्यु 1.85 लाख करोड़ की बताई गई है जबकि उस समय 20 हजार प्रार्पर्टियों के दस्तावेज जप्त थे। सेबी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान मे 41 हजार प्रार्पर्टियों के दस्तावेज जप्त हैं।

# उच्च न्यायालय ने पीएससी घोटाले का पर्दाफाश किया-ननकी राम.....

- न्यायालय से पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

रायपुर। संवाददाता

पूर्व मंत्री एवं विधायक ननकीराम कवंर ने कहा है कि पीएससी घोटाले के मामले में उच्च न्यायालय ने भूपेश सरकार का काला चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से सभी प्रकार की भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे है। 2021 की लोक सेवा आयोग राज्य सेवा परीक्षा के परिणाम में जिस प्रकार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सचिव प्रदेश के अन्य उच्च अधिकारी एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं के परिजन बड़ी संख्या में नियुक्त हुए उससे बेरोजगारों के साथ हो रहे अन्याय का पर्दापाश हो गया है। उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाले में न्यायाधीश ने गंभीर टिप्पणी की है, न्यायालय ने सच सबके सामने ला दिया है। उन्हें व सभी युवा उम्मीदवारों को न्यायालय पर पूरा भरोसा है। श्री कवर ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग न्यायालय से की है। पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रदेश सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब परीक्षा परिणाम में अधिकारी और नेताओं के बच्चों के नाम सामने आए थे तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहते थे कि अधिकारी या नेता के बच्चे परीक्षा में चयनित क्यों नहीं हो सकता? पर न्यायालय ने एक साथ 18 अधिकारी व नेताओं के परिजनों की भर्ती पर प्रश्न खड़ाकर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष टामन सोनवानी के 6-6 रिश्तेदार एक साथ कैसे सिलेक्ट हो सकते है?

सिख जत्था अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु नानक देव की पुण्यतिथि या जोती जोत पर पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर के लिए रवाना होने से पहले अकाल तख्त पर अरदास करता हुआ।



छत्तीसगढ़ में फिर से बनेगी 75 सीटों के साथ कांग्रेस सरकार

# युवाओं के बाद महिलाओं ने लिया फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का संकल्प......

रायपुर/ संवाददाता



भिलाई में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की सभा में प्रदेश भर से आई लाखो की संख्या में उमड़े महिलाओं के हूजुम ने प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का संकल्प लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवाओं के बाद महिलाओं ने भी भूपेश सरकार पर अपना भरोसा जताया है। प्रदेश के हर वर्ग के भरोसे से यह साफ हो गया कि राज्य में एक बार फिर से 75 सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। 2018 में दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकार के कार्यो का परिणाम है कि कांग्रेस के प्रति तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जनता का भरोसा और बढ़ता ही जा रहा है। 5 सालो में 5 उपचुनावो, 10 महापौर सहित अधिकांश नगर निकायो तथा पंचायत चुनावों में जनता ने कांग्रेस को भरपूर आर्शीवाद दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने राज्य में शिक्षा, रोजगार, कृषि, आदिवासी, अनुसूचित जाति हर वर्ग के बढ़ावे के लिये काम किया है। सभी के लिये योजना बनाया और उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया, जिससे राज्य के गरीब आदमी के जीवन स्तर में परिवर्तन आया तथा 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 95 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन है।

### छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट, रायगढ़ समेत इन जिलों में अगले 3 दिनों तक जमकर बरसेंगे बादल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की संभावना को देखकर जशपुर और रायगढ़ जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा तट पर एक निम्न दाब का क्षेत्र है और वहां चक्रवाती सिस्टम भी है। जिसके प्रभाव से राज्य में आज से मानसूनी गतिविधियां शुरू होंगी। बता दें कि बीते 4 दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से तापमान तेजी से बढ़ा है। मंगलवार को राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री से अधिक था। सुबह से शाम तक तेज धूप होने से तापमान बढ़ने के साथ नमी घटी है और उमस बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तटीय पश्चिम बंगाल- उड़ीसा तट के ऊपर है। इसके साथ ही उपरी हवा का चक्रवात 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है।

# चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखाई...

- सुआ, कर्मा, ददरिया के साथ राजस्थानी, बिहू और गरबा नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन

रायपुर। संवाददाता

संस्कृति विभाग द्वारा लौह नगरी रायगढ़ में प्रतिवर्ष की तरह आयोजित इस वर्ष की चक्रधर समारोह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। चक्रधर समारोह में स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक छटा बिखेरा। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति को नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह में राउत नाचा से लेकर सुआ, ददरिया, कर्मा जैसे विभिन्न स्थानीय सांस्कृतिक नृत्यों के साथ देश के विभिन्न राज्यों के ओड़िशी, गुजराती बिहू जैसे सांस्कृतिक नृत्यों की झलक भी देखने को मिली। स्कूली बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति का शहरवासियों ने आनंद उठाया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर इस वर्ष चक्रधर समारोह में स्थानीय कलाकारों के साथ ही स्कूली एवं नवोदित कलाकारों को बड़ी संख्या में अवसर दिया गया हैं। समारोह में एमएसपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत भारत मां की जय बोलव रे, छत्तीसगढ़ की जय बोलव, तिरंगा झंडा लहराए जावथे, जन-गण-मंगल के धुन गावथे पर छत्तीसगढ़ी नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी।

केबिनेट मंत्री अकबर ने ग्राम प्रभाटोला, लोहझरी और अचानकपुर में ग्रामवासियों से की भेंट मुलाकात

# छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजना से किसानों को मिला न्याय

रायपुर/ संवाददाता

प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे कबीरधाम जिला लगातार विकास कर रहा है। शासन के इन पौने पांच सालों में वनांचल से लेकर शहर तक योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ विभिन्न निर्माण कार्य भी किए गए है। उन्होंने कहा कि वनांचलवासियों के जीवन को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं लागू की है। जिससे वन और वनोपज पर आश्रित संग्राहकों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश के लाखों वनोपज संग्राहक परिवारों को स्थानीय स्तर पर वनोपज से जुड़े रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर वनोपज संग्राहकों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए लघु वनोपजों के क्रय मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। केबिनेट मंत्री श्री अकबर आज बोड़ला विकासखंड के ग्राम प्रभाटोला, लोहझरी और अचानकपूर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रावासियों को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री अकबर ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रभाटोला में विकास कार्यों के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम के हितग्राहियों राशन कार्ड का वितरण भी किया। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि किसानों के लिए हित के लिए धान का विक्रय प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को अपनी वायदा से बढ़कर समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीद रही है। 25 सौ रुपये में



धान खरीदने का वायदा किया था, लेकिन इस वर्ष 2640 रुपये में धान की खरीदी की गई है। अंतर की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर परिवार का राशन कार्ड बनाया जा रहा है, चाहे वो गरीबी रेखा से नीचे हो या ऊपर हो। परिवार में सदस्य संख्या बढ़ने पर कार्ड को तोड़कर एक और नया कार्ड बना दिया जा रहा है। प्रदेश में 75 लाख से अधिक राशन कार्ड है। इस तरह छूटे हुए लोगों का भी राशन कार्ड बनाए जा रहे है। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, श्री पीतांबर वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री मुखीराम मरकाम, श्री अगमदास अनंत, श्री राजकुमार तिवारी, श्री विरेन्द्र जांगड़े, श्री गणेश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, क्षेत्र के पंच-सरपंच उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ग्रामीणों के साथ भेंट मुलाकात कर जमीन पर बैठकर जनचौपाल लगाई और एक-एक कर सभी की समस्याएं, मांग और शिकायतें सुनी। ग्रामीण मंत्री को अपने समक्ष पाकर खुश हुए। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने लोगों की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मांग, शिकायत और समस्याओं को त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों से सीधा संवाद करने का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नही इसकी जानकारी लेना है।

## सार-समाचार

### पदोन्नति संशोधन के मामले में खाद्यमंत्री से मिला आश्वाशन

नन्दू यादव





सूरजपुर भारत भास्कर सरगुजा संभाग में वर्षों से पदोन्नति की इंतजार करते रहे सहायक शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग के वन टाइम रिलेक्शेशन के तहत जब पदोन्नति की सौगात मिली तो यह पदोन्नति उनके लिए गले की फास बन गई। कई महिला शिक्षकों को 150 से 200 किलोमीटर की दूरी पर पदस्थापना मिली तो कई गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को भी अपने जिले से बाहर की पदस्थापना दी गई। जब शिक्षकों ने अपनी समस्या से संयुक्त संचालक को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया तो सरगुजा संयुक्त संचालक ने मानवीय दयालुता दिखाते हुवे संशोधन कर नजदीक के रिक्त पदों पर पदस्थापना दी गई। अब जब शासन स्तर पर इस पदस्थपना को निरस्त किया गया तो सभी संशोधनप्राप्त शिक्षक सदमे में आ गए। शासन द्वारा आनन फानन में छुट्टी के दिनो मे भी एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया है। जिसके विरोध में लगभग सभी संभाग से 1000 से भी ज्यादा केस हाई कोर्ट में लग गए। लेकिन फिर भी शिक्षक अपनी दर्द को लेकर लगातार मंत्री एवम जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करते रहे । इसी क्रम में आज पूरे सरगुजा संभाग के शिक्षक खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के बंगले में पहुंच गए। मंत्री जी भी इतनी संख्या में प्रभावित शिक्षकों को देखकर हतप्रभ होते हुवे आश्वाशन दिया की आप लोगों को किसी भी प्रकार से आहत होने की जरूरत नहीं है ,शासन आप लोग के प्रति संवेदनशील है उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री से फोन लगाकर बात किया और इस बात को भी प्रमुखता से रखे की किस प्रकार प्रभावित शिक्षक परेशान हैं। फिर उन्होंने उपमुखमंत्री से बात करके निरस्तीकरण के आदेश को शून्य करने का प्रस्ताव रखा जिसे उपमुख्यमंत्री ने प्रमुखता से मुख्यमंत्री जी समक्ष रखने की बात कही । अब सभी शिक्षकों को थोड़ा आस जगा है की शायद अब हमारे साथ न्याय हो और इसका भरोसा दिलाया खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने । ज्ञात हो कि अभी सभी संशोधित शिक्षा अधर में रुके हुवे हैं।संशोधित शाला से कार्यमुक्त कर दिया गया है लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश पर अब वे शिक्षक न तो पदोन्नति संस्था में जा पा रहे हैं और नाही अपने पुराने संशोधित संस्था में जा पा रहे हैं। मंत्री को अपनी तकलीफ के साथ बच्चों के पढ़ाई की चिंता सता रही है। ऐसे में बच्चों ने शासन का क्या बिगाड़ा है। अब शिक्षकों के सामने अपने वेतन की समस्या भी गहरा रही।कई शिक्षक बैंक में लोन में दबे हुवे हैं । माननीय मंत्री जी से आज सभी शिक्षकों को आश्वाशन मिलने से सभी शिक्षकों में एक आस की किरण और उम्मीद जगी है ।

### मोबिल पावरिंग द्वारा पहली बार मोटो जीपी भारत का जश्न मना रहा है

**रायपुर।** 22 से 24 सितंबर, 2023 तक भारत के 2023 ग्रैंड प्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए मोटो जीपी इ भारत के उद्घाटन में मोबिलइ भारत में रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर कर रहा है। एक्सॉनमोबिल और रेड बुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम के बीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैक मिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन-पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, इनकी KTM RC16 बाइक्स के पूर्ण-दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिल द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे।

### KFC ने इंडियंस को #SPEAKSIGN का प्रोत्साहन देने के लिए अपनी आइकोनिक बकेट में परिवर्तन किया

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय साइन लैंग्वेज दिवस से पहले, **KFC** इंडिया, इंडियन साइन लैंग्वेज की जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने ब्रांड के सबसे ख़ास एसेट, आइकोनिक बकेट का उपयोग कर रहा है। इस विशेष डिज़ाइन की साइन लैंग्वेज बकेट पर स्टेप-बाय-स्टेप विज्युअल ट्यूटोरियल दिया गया है, जो कॉनसुमर्स को आमतौर से इस्तेमाल होने वाले शब्दों और वाक्यांशों की मदद से इंडियन साइन लैंग्वेज (आईएसएल) में बात करना सिखाएगा। इस बकेट पर 'हैलो', 'कृपया', 'गुड मॉर्निंग', 'आप कैसे हैं', 'आपका दिन शुभ हो', 'लोल', 'क्या चल रहा है?' जैसे शब्द और संख्याएं एवं आकार प्रदर्शित किए गये हैं। यह ख़ास डिज़ाइन की साइन लैंग्वेज बकेट इस सप्ताह इंडिया में सभी KFC रेस्टोरेंट्स में उपलब्ध हो जाएगी।

# बिना लक्ष्य के कुछ भी हासिल नहीं होता -कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा

राजीव कुमार वर्मा




**एमसीबी--भारत भास्कर**--उठोजागो और तब तक नहीं रूको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाये लक्ष्य निर्धारण के बाद सतत प्रयास करना आवश्यक है। बिना लक्ष्य के कुछ भी हासिल नहीं होता है। उक्त बातें मुख्य अतिथि के अंसादी से कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेन्दूडांड झगराखांड मनेन्द्रगढ़ एकेडमिक वर्ष 2023-24 विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह के अवसर पर स्कूली बच्चों से साझा करते हुए कही7

उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मुझे बड़ा गर्व हो रहा है कि एकेडमिकहाइट्स पब्लिक स्कूल बच्चों के समग्र विकास के लिए तत्पर है। यह संस्था बच्चों में कम्पीटीशन की भावना जगाने का भी काम कर रही है। जो सराहनीय है। संस्था आप लोगों अभी से मंचों पर खड़े होने, बोलने तथा अपने आप व्यक्त करने का अवसर प्रदान कर रही है। इससे आप में निर्णय लेने की क्षमता के साथ-साथ अपने आपको निखारने अवसर मिलता है। सभी बच्चों से मैं एक बात कहना चाहता हूंकि आपको जो भी बनना है उसके लिए आप लक्ष्य बना लें और उस पर आत्मविश्वास के साथलगातार कार्य करते रहे। सबकी अलग-अलग पसंद होतीहै। कोई डाक्टर, इंजिनीयर, आईएएस,आईपीएस, टीचर, व्यवसायी,कृषक बनना चाहता है।

उन्होंने विद्यार्थीपरिषद के पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न पदों परआसीन होकर देश की सेवा करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यह संस्था बहुत अच्छा कार्य कर रही है। एजुकेशन के साथ आप लोगों में मौलिक संस्कार डालने का काम कर रही है।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पित पश्चात् दीप प्रज्जवलित कर किया गया7

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा तथा तहसीलदार नीरजकांत तिवारी उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद के हेड बॉयज मास्टर प्रियांशु चटर्जी एवं हेड गर्लकुमारी आन्या श्रीवास्तव को बैज एवं स्लेश पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही विद्यालयोंके सभी विद्यार्थियों को चार सदनों में एचीवर्स हाउस, इनोवेटर्स हाउस, मोटिवेटर्स हाउस तथा प्रोगेसर्स हाउस में बांट चारो सदनों केछात्र वर्ग से कप्तान एवं उप कप्तान एवं छात्राओं के वर्ग से कप्तान एवं उप कप्तान को भी बैज एवं श्लेस पहनाकर सम्मानित किया गया।

साथ ही विद्यालय विभिन्न गतिविधियां जैसे खेलकूद, सांस्कृतिक, क्रिएटिविटी एवंअनुशासन के लिए विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का भी बैज और श्लेश पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्रार्चाय पी. रविशंकर ने विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों कोअपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ दिलायी। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को बधाई देतेहुए कहा कि पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने काआह्वान किया।

मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा--कलेक्टर श्री दुग्गा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में समझाते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत् बच्चों को पोस्ट कार्ड लिखकर अपनेपरिजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्कूली बच्चों को मतदान कराने की शपथ भी दिलायी।

इसी तारतम्य में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा बारहवीं एवं दसवींसी.बी.एस.ई की बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले 19 विद्यार्थियों का मेरिट प्रमाणपत्र के साथ स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदान कियागया।

संस्था के संचालक संजीव ताम्रकार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमके अंत में मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## ग्राम छोटेहिडमा डुगिंनपारा में पुलिस-नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में घायल एक और 05 लाख रूपये की ईनामी महिला माओवादी की मृत्यु



**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी0 , उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज, कमलोचन कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय , अतिक्ति पुलिस अधीक्षक राम कुमार वर्मन एवं उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स राहुल उयके, के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 20.09.2023 के दरम्यानी रात्रि में जिला सुकमा एवं दन्तेवाड़ा के सरहदी क्षेत्र थाना अरनपुर के ग्राम छोटेहिडमा के जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, बस्तर फाईटर्स एवं डीएसएफ का संयुक्त बल दन्तेवाड़ा से एरिया डॉमिनेशन हेतु ग्राम हिडमा, छोटेहिडमा एवं डुगिंनपारा की ओर रवाना हुये थे कि ईलाके में गश्त, सर्चिंग के दौरान ग्राम छोटेहिडमा एवं डुगिंनपारा के जंगल/पहाडी पर पूर्व से घात लगाये माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को जान से मारने एवं हथियार लूटने की नियत से पुलिस पार्टी पर अंधाधुध फायरिंग किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल/पहाडी का आड लेकर भाग गये। मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल का सघन सर्च करने पर घटना स्थल से 02 महिला माओवादियों का शव एवं हथियार बरामद किया गया था। उक्त मुठभेड़ में दरभा ड़िवीजन के कई माओवादी घायल हुए थे। जिसमे विश्वनीय स्त्रोत से ज्ञात हुआ है कि केरलापाल एरिया कमेटी सदस्या/एरिया सीएनएम कमाण्डर कुमारी एर्रे उर्फ दिरदो सपना निवासी पलिया थाना गादीरास जिला सुकमा की उक्त मुठभेड़ में मृत्यु की आसूचना है। छ0ग0 शासन के द्वारा ईनाम पॉलिसी के तहत् केरलापाल एरिया कमेटी सदस्या/एरिया सीएनएम कमाण्डर कुमारी एर्रे उर्फ दिरदो सपना निवासी पलिया थाना गादीरास जिला सुकमा पर छ0ग0 शासन द्वारा 05 लाख रू0 ईनाम घोषित है।

## ग्राम चिहारीपारा मे मनाया नवाखाई व ठाकुर जोहारनी का पर्व

अशोक जैन



**कांकेर।** कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा मे नवाखाई व ठाकुर जोहारनी का पर्व गांव में धूमधाम से मनाया गया। आदिवासी धाम में गांव के पुजारी व समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बूढ़ादेव को साहजा के पत्तों में नए चावल का अर्पण कर गांव की खुशहाली की कामना की। सभी ने कोरिया पत्ता में नए चावल के बने खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। दूसरे दिन ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां ग्राम चिहारीपारा में ग्राम के गायता के घर में समाज के लोग एकत्रित होकर बूढ़ादेव की विनती की और गांव के बड़ों का आशीर्वाद लिया। कोरिया पत्ते में एक साथ नये चावल के प्रसाद को ग्रहण किया।

समाज के प्रमुखों ने बताया कि यह पर्व मूलत: उत्तर बस्तर के गोंड समाज संस्कृति है। बस्तर की संस्कृति में किसी भी फसल को तब तक नहीं खाया जाता जब तक उस फसल के कुछ अंश को देव को अर्पण कर उन्हें धन्यवाद न दिया जाए। ग्राम देव, भूमियार देव, प्रकृति देव को उनके दिये गये अन्न के बदले में कृतज्ञता ज्ञापित करना, नए फसल के आगमन की खुशियों को बांटना ही नुआखानी का पर्व है, जो दो दिनों तक चलता है। जिसमें दूसरे दिन ठाकुर जोहारनी को बासी त्योहार भी कहा जाता है। इस दिन ठाकुर जोहार किया जाता है। ठाकुर जोहार का तात्पर्य देव तुल्य बुजुगो व अपने से बड़ों का आदर सत्कार व भेंट करना। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपारिक गीतों के साथ रेला नृत्य कर कार्यक्रम का समापन किया। ग्राम चिहारीपारा में इस आयोजन में पुजारी गांयता राजाराम नेताम, फुलचंद नाग, विष्णु शोरी,उपसु कुजाम,महदेव नेताम,सेवक नेताम,सिताराम नेताम,रधे नेताम,पिले सिंह टेकाम,सुबेसिंग कुजाम, सुरज मंडावी,योगेश कुजाम, भावसिंह मंडावी एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विदेशी मदिरा दुकान सेल्समेनों की अनुमति से परिसर में शराब पिलाने की शिकायत पर कार्यवाई



**राजीव कुमार वर्मा/ एमसीबी-- भारत भास्कर** जनकपुर में संचालित विदेशी मंदिरा दुकान के भवन में संचालित चखना दुकान की शिकायत पर जांच करने पहुंचे तहसीलदार भरतपुर मनहरण सिंह राठिया, तहसीलदार कोटाडोल यादवेंद्र कैवर्त एवं राजस्व टीम ने कार्रवाई कर चखना दुकान को बंद कर दिया है

बता दें कि जनकपुर स्थित विदेशी मदिरा दुकान सेल्समेनों के रिश्तेदार द्वारा परिसर में शराब पिलाने की शिकायत पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया की सेल्समैन के रिश्तेदार द्वारा दुकान चलाया जा रहा है दुकान संचालक दीपक जायसवाल ने चखना सेंटर के नाम पर विदेशी शराब दुकान के परिसर में गैस सिलेंडर, स्टोव, अंडा पानी पाउच, बीड़ी सिगरेट, कुरकुरे, चिप्स सहित शराब सेवन में उपयोग होने वाले अन्य सामग्री रखा था जिसे जप्त कर फटकार लगाई गई व परिषर में फैली गन्दगी को तुरन्त ही साफ सफाई करने का निर्देश दिया । संचालक द्वारा अधिकारियों को बताया गया कि सेल्समैन की अनुमति से चखना केंद्र संचालित किया जा रहा है जिसके एवज में 2 हजारआबकारी विभाग को दिया जाता है।

## दंतेवाड़ा, बस्तर क्षेत्र को राजनीति पार्टियों का शोषणकारी नीतियां एवं चंगुल से मिलकर करें मुक्त - पंत



**दंतेवाड़ा ( भारत भास्कर )** सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि। देश के किसानों को कॉरपोरेट घरानों के हाथों की कठपुतली बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाये गए तीन काले कृषि कानूनों को रद्द करवाने वाले किसानों के नेता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत जी जनता-जनार्दन से साक्षात संवाद करने के लिए तीन दिनों के लिए बस्तर प्रवास पर आ रहे हैं। टिकैत जी के बस्तर प्रवास के केंद्र बिंदु में आदिवासियों, किसानों सहित बस्तर की समस्त जनता की समस्याओं को सुनना है। जल, जंगल एवं जमीन की संवैधानिक लड़ाई को इस प्रवास के दौरान प्रमुखता से उठाया जाएगा। संपूर्ण बस्तर क्षेत्र को राजनीतिक पार्टियों के चंगुल एवं शोषण से मुक्त कराने का प्रयास किया जाएगा। बस्तर क्षेत्र एवं आदिवासी समाज की प्रमुख समस्या फर्जी एनकाउंटरों की सत्यता पर सवाल उठाए जाएंगे एवं जांच हो चुके मामलों में क्षतिपूर्ति की मांग की जाएगी। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों जिसमें जीवन जीने की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार पर भी चर्चा की जाएगी। पांचवी अनुसूची लगे हुए बस्तर क्षेत्र में आगमन पर माननीय टिकैत जी का फूल-मालाओं से नहीं बल्कि भारतीय संविधान की प्रति देकर स्वागत किया जाएगा जो की भारतीय संविधान के प्रति आदिवासियों के मन में सम्मान और भरोसे को दिखाता है। बस्तर की समस्त जनता से यह अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर राकेश टिकैत जी के इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। राकेश टिकैत जी का कार्यक्रम निम्न अनुसार होगा-

25 सितंबर- जिला दंतेवाड़ा प्रवास (मां दंतेश्वरी मंदिर दर्शन, दंतेवाड़ा हाई स्कूल ग्राउंड में स्वागत सभा, बचेली एवं किरंदुल नगर प्रवास)

26 सितंबर- जिला नारायणपुर प्रवास (ग्राम मणोनार में जनसभा)

27 सितंबर- जिला सुकमा प्रवास ( ग्राम मुकरम, चिंतलनार प्रवास)।

जगदलपुर एवं किलेपाल में स्वागत सभा का आयोजन निर्धारित किया गया है। इस प्रवास से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकप्रिय किसान नेता संजय पंत के मोबाइल नंबर 8815851735 पर संपर्क करें।

# भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम कई किलोमीटर पगडंडी रास्ता से पैदल चलकर अति संवेदनशील क्षेत्र पहाड़ों एवं घने जंगल में बसा ग्राम कलमुचे पहुंचे

अशोक जैन की खास रिपोर्ट



**कांकेर।** कांकेर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम ने कई किलोमीटर पगडंडी एवं कच्ची रास्तों से अति संवैदनशील क्षेत्र में पैदल चलकर पहाड़ों एवं घने जंगल के बीच में बसा ग्राम कलमुचै पहुंचे ग्रामीणों ने अपने बीच भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम को पाकर बहुत खुश हुए ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद कलमुचे ग्राम में ना सांसद एवं विधायक आज तक इस ग्राम में नहीं पहुंचे हैं पहली बार भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम इस ग्राम में पहुंचे हैं गांव वालों ने उनका जोरदार स्वागत किया एवं गांव की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए बताया कि गांव में सड़क बिजली पैयजल एवं राशन लेने जाने के लिए काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है किंतु इस गांव का सुध लेने वाला कोई नहीं है ग्रामीण अपनी जिंदगी जैसे तैसे काट रहे हैं गांव में समस्याओं का अंबार है? भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम ने गांव वालों की समस्याओं को विस्तार से सुना वा ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोग भाजपा प्रत्याशी को जीताये आप लोगों की समस्याओं को मैं दूर करूंगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा विकास की ढिंढोरा पीटा जा रहा है पर हकीकत इस गांव में देखने को मिला गांव में आज तक कुछ भी विकास कार्य नहीं हुआ गांव में शिक्षा की समस्या है स्कूलों का मरमत कार्य भी नहीं किया गया है पेयजल की समस्या है एवं गांव वालों को राशन लेने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है गांव में बिजली नहीं है परंतु क्षेत्र के विधायक इस गांव का आज तक सुध नहीं लिया है सिर्फ कागजों में विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है ग्रामीणों ने कहा की भाजपा प्रत्याशी आसाराम नेताम को अपने बीच पाकर उनकी आशा की किरण जगी है



## अब घर का सपना साकार कर रही छत्तीसगढ़ सरकार

# आवास न्याय सम्मेलन

**25 सितम्बर 2023, दोपहर 2 बजे**


फायर एवं एसडीआरएफ मैदान, परसदा (सकरी)
विकासखंड तखतपुर, बिलासपुर

### माननीय सांसद

# श्री राहुल गांधी जी

### की गरिमामयी उपस्थिति में

- छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना के **30,000 हितग्राहियों** को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण
- पीएमएवाय (ग्रामीण) के **1 लाख हितग्राहियों** को **25-25 हजार रु** के मान से प्रथम किस्त का वितरण
- मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के **500 हितग्राहियों** को **1-1 लाख रु** की राशि का वितरण
- विभिन्न जिलों के **2,594 शिक्षकों** को नियुक्ति पत्र
- नगरीय क्षेत्रों में **1,117 वन अधिकार पत्रों** का वितरण
- बिलासपुर जिले में **524.33 करोड़ रु** की लागत वाले 185 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**श्री भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com